Bigtest.in




# राजस्थान समसामयिकी

1 मार्च 2023 से 31 मार्च 2023

नमस्कार प्रिय पाठकों Bigtest.in आपको प्रोवाइड करवाता है डेली राजस्थान करंट अफेयर (Rajasthan Daily Current Affair ) जो कि हर दिन का अपडेटेड रहता है हम तारीख से तारीख पर काम करते हैं अगर आपको हम 1 जनवरी 2023 का करंट अफेयर दे रहे हैं तो हम आपसे 31 दिसंबर को होने वाले समसामयिक घटनाओं का विवरण ऑथेंटिक सोर्स से प्रोवाइड करवाते हैं

यह PDF आपको आने वाले कंपटीशन एग्जाम में राजस्थान में होने वाले सफलता प्रदान करेगी | इस करंट अफेयर में हमने दिसंबर माह में स्वीकृत बजट, खेल परिदृश्य ,अवार्ड लिस्ट, चर्चित व्यक्ति एवं महत्वपूर्ण दिवसों का संकलन किया है अगर आपको हमारा प्रयास अच्छा लगे तो ज्यादा से ज्यादा शेयर करें और आप कंटिन्यू हमारी पोस्ट पढ़ने के लिए bigtest.in पर भी विजिट कर सकते हैं जिसका लिंक नीचे दिया गया - Visit for Daily Current Affairs Bigtest.in

# March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

January 2023 Rajasthan Current Affairs
February 2023 Rajasthan Current Affairs

## राजस्थान समसामयिकी – 1 मार्च 2023

### जयपुर में मेगा जॉब फेयर का आयोजन

- राज्य सरकार के कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग की ओर से **2 मार्च 2023 को जयपुर के चौमूं में 'मेगा जॉब फेयर'** लगाया जाएगा।

### राजस्थान का पहला वाहन स्क्रेपिंग सेंटर

- जयपुर जिले की अजमेर रोड पर **राजस्थान का पहला वाहन स्क्रेपिंग सेंटर** खोला गया ।
- 28 फरवरी 2023 को केंद्रीय सड़क परिवहन और **राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वाहन स्क्रेपिंग सेंटर का वर्चुअल उद्घाटन** किया ।
- इस सेंटर को टाटा मोटर्स तकनीकी सहायता देगी और संचालन गंगानगर वाहन उद्योग द्वारा किया जाएगा ।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस **28 फरवरी** को मनाया जाता है ।
- राजस्थान सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से जयपुर स्थित क्षेत्रीय विज्ञान उद्यान में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' का आयोजन 28 फरवरी को किया गया।
- राज्य सरकार नई पीढ़ी में वैज्ञानिक सोच को बढ़ाने और **विज्ञान के प्रचार-प्रसार के लिए सभी शिक्षण संस्थाओं में 15 मार्च तक जागरुकता अभियान** चलाएगी।
- नोबेल पुरस्कार विजेता भारत रत्न डॉ. सी. वी. रमन ने 'रमन प्रभाव' की खोज 28 फरवरी, 1928 को की थी, जिसे राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- इस वर्ष का थीम **'वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान'** है।

### जयपुर के प्रीतम ने वेट लिफ्टिंग में हासिल किया प्रथम स्थान

- **जयपुर** के सिरसी निवासी और पावर लिफ्टर **प्रीतम सिंह** ने मानसरोवर में आयोजित राजस्थान स्पोर्ट्स लीग में **कुल 495 किलो वजन लिफ्ट कर राजस्थान में पहला स्थान** हासिल किया ।
- इससे पहले प्रीतम सिंह कई राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत चुके है ।

### डॉ. रमेश अग्रवाल की पुस्तक "जीने की जिद" का लोकार्पण

- दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में अजमेर के पूर्व स्थानीय संपादक **डॉ. रमेश अग्रवाल की पुस्तक "जीने की जिद" का लोकार्पण** किया ।

### अंडर - 14 राजसिंह डूंगरपुर क्रिकेट चैंपियनशिप

- राजस्थान में पहली बार पांच जगह पर 52 मैच के बाद इस बार **अंडर - 14 राजसिंह डूंगरपुर क्रिकेट चैंपियनशिप की स्टेट टीम** बनेगी ।

BIGTEST.IN

# March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

## राजस्थान समसामयिकी – 2 मार्च 2023

### मंदिरों की भूमि के संरक्षण के लिए 'नन्दन कानन योजना'

- राजस्थान में देवस्थान विभाग द्वारा मंदिरों की भूमि की चारदीवारी कर उन्हें संरक्षित एवं विकसित करने के लिए **'नन्दन कानन योजना'** शुरू की जाएगी ।
- नवाचार के रूप में सभी मंदिरों की भूमि का ईपीएस के माध्यम से सीमा ज्ञान करवाया जाएगा।

### राजीव गांधी सेन्टर फॉर आईटी डवलपमेंट एंड ई-गवर्नेस

- मुख्यमंत्री श्री गहलोत ने राज्य बजट वर्ष 2023-24 में **"राजीव गांधी सेन्टर फॉर आईटी डवलपमेंट एंड ई-गवर्नेस"** की स्थापना की घोषणा की थी।
- **जयपुर के खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर** में 'राजीव गांधी सेन्टर फॉर आईटी डवलपमेंट एंड ई-गवर्नेस' स्थापित की जाएगी।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने **कुल 147.55 करोड़ रुपये के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति** दी है।
- राजीव गांधी सेन्टर फॉर आईटी डवलपमेंट एंड ई-गवर्नेस का उद्देश्य राज्य में ब्लॉकचेन, साइबर सिक्योरिटी, एकीकृत वित्त प्रबंधन (आइएफएमएस), डेटा सिक्योरिटी के लिए बेहतर डिजिटल इकोसिस्टम विकसित करना है।
- राजस्थान में साइबर अपराधों की रोकथाम सेंटर साइबर अपराधों को नियंत्रित करने, ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में आमजन को जागरूक करने में यह संस्थान सहायक होगा।

### खेलो इंडिया की ओर से वेस्ट जोन की वूमेन साइकिलिंग लीग प्रतियोगिता

- **जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में खेलो इंडिया** की ओर से वेस्ट जोन की वुमन साइकिलिंग लीग प्रतियोगिता में 6 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया ।
- राजस्थान के **बीकानेर जिले में सबसे ज्यादा 40 खिलाड़ियों** ने भाग लिया ।
- बीकानेर जिले की **माया डूडी, बसंती कुमावत और तरुणा बिश्नोई** ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया ।
- बीकानेर निवासी **माया डूडी ने वुमन साइकिलिंग लीग में स्वर्ण पदक** जीता ।
- माया डूडी ने एक स्वर्ण पदक, एक रजत पदक और दो कांस्य पदक जीते हैं ।
- बीकानेर **निवासी बसंती कुमावत ने वर्ष 2019 में स्वर्ण पदक** जीता था ।
- बसंती कुमावत ने सन 2020 में स्वर्ण पदक और इसके अलावा कांस्य पदक भी जीता था ।
- बीकानेर निवासी **तरुणा बिश्नोई ने हाल ही में आयोजित सीनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक** जीता था ।

## राजस्थान समसामयिकी – 3 मार्च 2023

### हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह

- 2 मार्च 2023 को **जयपुर स्थित हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह का आयोजन** किया गया।
- राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने महात्मा गांधी की पत्रकारिता की चर्चा करते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीका में नस्लभेद से लड़ने के लिए उन्होंने पत्रकारिता को हथियार के रूप में अपनाया।

BIGTEST.IN

## March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

- हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय जयपुर के कुलपति प्रोफेसर सुधी राजीव है ।
- हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पहले कुलपति ओम थानवी थे ।
- राज्यपाल ने 79 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की उपाधियां और स्वर्ण पदक व वरीयता प्रमाण-पत्र दिए।

### जोधपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑफ थिंग्स इनोवेशन हब

- राज्य मंत्रिमंडल ने **जोधपुर में सिटी इनोवेशन कलस्टर के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑफ थिंग्स इनोवेशन हब (एआईओटी) स्थापित** होगा ।
- इनोवेशन हब के तहत राज्य सरकार, एमएसएमई, उद्यमी छात्रों एवं स्टार्टअप्स को अनुसंधान, इन्क्यूबेशन, प्रोटोटाइप विकास और उत्पादों के लिए हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

### बाड़मेर के गुढ़ामालानी में क्षेत्रीय बाजरा अनुसंधान केंद्र

- **बाड़मेर जिले के गुढ़ामालानी** में भारतीय बाजरा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के क्षेत्रीय **बाजरा अनुसंधान स्टेशन की स्थापना** होगी।
- संस्थान की स्थापना से जलवायु अनुकूल प्रदेश में बाजरे की उन्नत किस्मों का विकास होगा ।
- जिससे कृषि क्षेत्र और किसानों को बढ़ावा मिलेगा।
- संस्थान के लिए **40 हेक्टेयर (98.8 एकड़) भूमि आवंटन** की जाएगी।

### जैसलमेर में जेके सीमेंट को 210 हेक्टेयर भूमि आवंटित

- **जैसलमेर** जिले में **जेके सीमेंट को 210 हेक्टेयर भूमि आवंटित** होगी, जिस पर 5,000 हजार करोड़ रुपये का निवेश आएगा और रोजगार के 6,000 अवसर सृजित होंगे।

### कोटा में जय मीनेष आदिवासी विश्वविद्यालय

- **कोटा में जय मीनेष आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर स्थापित होगा।**

### 10 वां उस्ताद गुलाब खां अचीवमेंट अवार्ड

- मेहरानगढ़ विकास ट्रस्ट की ओर से वर्ष 2023 हेतु प्रतिष्ठित **"10 वां उस्ताद गुलाब खां अचीवमेंट अवार्ड" पंजाबी गायकार हंसराज हंस** को दिया गया ।
- **दिलीप भट्ट** को वर्ष 2022 का **"कोमल कोठारी लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार"** दिया गया ।
- **कमल रंगा** को वर्ष 2022 का **"राजस्थानी साहित्य अकादमी पुरस्कार"** दिया गया ।
- **जैसलमेर के खड़ताल वादक गाजी खान बरना** को लोक संगीत के क्षेत्र में बेहतरीन योगदान के लिए **"संगीत नाटक अकादमी अवार्ड"** दिया गया ।

### राजस्थान वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड का गठन

- नोडल विभाग - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने **राजस्थान राज्य वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड का गठन** किया ।
- इस गठन में **9 सदस्य** होंगे **(एक अध्यक्ष एक उपाध्यक्ष 7 सदस्य)**

BIGTEST.IN

- राजस्थान सरकार किसान समाज की स्थिति का जायजा लेने परमाण्विक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर इन वर्गों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा उनके पिछड़ेपन को दूर करने के लिए सुझाव देने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है ।

### एस एम एस मेडिकल कॉलेज का प्लेटिनम जुबली समारोह

- 2 मार्च 2023 को **जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्लेटिनम जुबली समारोह का आयोजन** किया गया ।
- मेडिकल कॉलेज की न्यू एकेडमिक ब्लॉक में आयोजित इस शो में **40 से अधिक डॉक्टरों ने रैंप वॉक** किया ।

### डॉ. रोहित "जयपुर रत्न अवार्ड" से सम्मानित

- स्टार हॉस्पिटल में **कैंसर पर टॉक शो व सम्मान समारोह का आयोजन** किया गया ।
- कैंसर चिकित्सक **डॉ. रोहित को** चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए **"जयपुर रत्न अवार्ड"** से सम्मानित किया ।

## राजस्थान समसामयिकी – 4 मार्च 2023

### मुख्यमंत्री सार्वजनिक सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार लॉन्च

- मुख्यमंत्री श्री गहलोत ने राज्य बजट वर्ष 2023-24 में अधिकारियों द्वारा राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के **बेहतर प्रयासों को प्रोत्साहन देने के लिए अवॉर्ड** देने की घोषणा की थी।
- मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा ने इस घोषणा की अनुपालना में '**मुख्यमंत्री सार्वजनिक सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार**' लॉन्च किया।
- यह पुरस्कार **तीन श्रेणियों गवर्नेंस, फ्लैगशिप स्कीम एवं नवाचार** के लिए दिया जाएगा।

### डॉ. बी डी कल्ला ने किया साहित्य कुंभ के logo का विमोचन

- मुख्यमंत्री महोदय अशोक गहलोत की बजट घोषणा वर्ष 2019-20 के तहत **जोधपुर स्थित जनाना बाग में 25, 26 एवं 27 मार्च को राजस्थान साहित्य उत्सवः साहित्य कुंभ- 2023 (राजस्थान लिटरेचर फेस्टिवल)** होगा।
- 3 मार्च 2023 को जयपुर स्थित जवाहर कला केंद्र में कला एवं संस्कृति विभाग मंत्री **डॉ. बी. डी. कल्ला ने साहित्य कुंभ के logo का विमोचन** किया।

### वीना चौहान को "मौलिक पुस्तक लेखन पुरस्कार"

- नारी कभी ना हारी लेखिका साहित्य संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष **वीना चौहान** की "यात्रा वृतांत" की पुस्तक "अनजाने शिक्षित" पर उन्हें भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय दिल्ली की ओर से **"मौलिक पुस्तक लेखन पुरस्कार"** प्रदान किया गया ।

### मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन ने 25 देशों में बनाए "मारवाड़ी बिजनेस मित्र"

- मारवाड़ी बिजनेस मित्र को बढ़ावा देने के लिए **जयपुर के मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन ने अभिनव पहल** की है ।

BIGTEST.IN

## March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

- राजस्थान में आर्थिक एवं औद्योगिक विकास को गति देने के लिए मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन ने **25 से अधिक देशों में "मारवाड़ी बिजनेस मित्र"** बनाए हैं।
- देश विदेश में रहने वाले राजस्थानियों के व्यापार को बढ़ाने और राजस्थान के आर्थिक विकास में बिजनेस मित्र योगदान प्रदान करेंगे ।

### राजस्थान सरकार एवं टोरेन्ट पावर लिमिटेड से अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में 87,000 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एमओयु

- आरआरईसीएल, राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड तथा इकोनोमिक टाइम्स के संयुक्त तत्वाधान में रिन्यूबल एनर्जी कॉन्क्लेव आयोजित किया गया ।
- **जयपुर में 3 मार्च 2023 को रिन्युबल एनर्जी कॉन्क्लेव के दौरान राजस्थान सरकार एवं टोरेन्ट पावर लिमिटेड से अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में 87,000 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एमओयु** हुआ।
- राजस्थान अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में देश में **प्रथम स्थान** पर है।
- निवेशक राज्य में सौर ऊर्जा के साथ पवन ऊर्जा, हाईब्रिड संयंत्र और ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाएं स्थापित करने के लिए आगे आ रहे हैं।
- देश का **सबसे बड़ा सोलर पार्क भड़ला, जोधपुर** में स्थित है ।
- राजस्थान सरकार एवं टोरेन्ट पावर लिमिटेड से अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में 87,000 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एमओयु हुआ, तथा 8, 400 लोगों को रोजगार मिलेगा ।
- इससे राज्य में 37 हजार करोड़ रुपये का निवेश आएगा तथा 6.150 लोगों को रोजगार मिलेगा।
- वेलस्पन न्यू एनर्जी लिमिटेड से अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में किए गए एमओयू से प्रदेश में 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश आएगा तथा 2.250 लोगों को रोजगार मिलेगा।
- राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम की स्थापना राजस्थान स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RSPCL) राजस्थान ऊर्जा विकास अभिकरण ( REDA ) को मिलाकर अगस्त 2002 में की गई ।
- RRECL ki Full Form - Rajasthan Renewable Energy Corporation Limited (RRECL)

## राजस्थान समसामयिकी – 5 मार्च 2023

### राजस्थान के वीर शहीद मेजर विकास भांभू की जम्मू में 68 आर्मर्ड रेजीमेंट के मुख्य द्वार पर प्रतिमा

- **मेजर विकास भांभू का जन्म 11 नवंबर 1989 को रामपुरा, हनुमानगढ़ (राजस्थान)** में हुआ था।
- शहीद **मेजर विकास भांभू के पिता भागीरथ भांभू व माता का नाम सुखदेवी** है ।
- मेजर विकास भांभू **21 अक्टूबर 2022 को अरुणाचल के सियांग में हेलीकॉप्टर क्रैश** होने के कारण शहीद हो गए ।
- 21 अक्टूबर 2022 को अरुणाचल के सियांग में हेलीकॉप्टर क्रैश होने के कारण **5 सैनिक शहीद** हो गए थे ।
- भारतीय थल सेना द्वारा **जम्मू में 68 आर्मर्ड रेजीमेंट के मुख्य द्वार पर शहीद मेजर विकास भांभू की प्रतिमा** लगाई गई ।

BIGTEST.IN

## March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

### स्वयंसेवी श्रीमती गायत्री देवी यादव को जल योद्धा सम्मान

- नई दिल्ली में **4 मार्च 2023** को **आयोजित 'स्वच्छ सुजल शक्ति'** सम्मान समारोह में **राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु** ने **स्वयंसेवी श्रीमती गायत्री देवी यादव को जल योद्धा श्रेणी** में सम्मानित किया।
- राजस्थान में जल महिला की भूमिका स्वयंसेवी श्रीमती गायत्री देवी यादव निभा रही ।
- श्रीमती यादव को **जयपुर** के सांभर ब्लॉक क्षेत्र में फार्म पॉन्ड बनाने के लिए ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया है।

### महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में अब 25 दिन का अतिरिक्त रोजगार

- महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत अब **25 दिवस का अतिरिक्त रोजगार उपलब्ध** कराया जाएगा।
- यह अतिरिक्त रोजगार 100 दिन का रोजगार पूर्ण करने वाले परिवारों को मिलेगा ।
- **675 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान** किया गया है।
- **कथौड़ी-सहरिया समुदाय और विशेष योग्यजनों को 200 दिवस का रोजगार उपलब्ध** कराया जाएगा।

## राजस्थान समसामयिकी – 6 मार्च 2023

### पुष्कर में अंतरराष्ट्रीय होली महोत्सव का शुभारंभ

- राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष **श्री धर्मेंद्र सिंह राठौड ने अजमेर जिले के पुष्कर सरोवर के ब्रह्म घाट पर झंडारोहण कर अंतरराष्ट्रीय होली महोत्सव का शुभारंभ** किया।

### सिरोही जिला मुख्यालय पर श्रमिक सुविधा- सूचना केन्द्र का लोकार्पण

- श्रम राज्यमंत्री **श्री सुखराम विश्नोई ने सिरोही जिला मुख्यालय पर नवनिर्मित श्रमिक सुविधा एवं सूचना केन्द्र का लोकार्पण** किया।
- इस भवन के निर्माण से श्रमिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी।
- जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड से श्रमिक सुविधा एवं सूचना केन्द्र भवन का निर्माण हुआ है।

### जयपुर के सिटी पार्क में जापानी तकनीक से बन रहे ऑक्सीजन पॉकेट्स

- यंग इंडियंस के द्वारा **जयपुर के सिटी पार्क में जापानी तकनीक (मियावाकी) से ऑक्सीजोन पॉकेट्स** बनाए जा रहे हैं।
- पार्क के **एक पॉकेट की 8 हजार स्क्वायर फीट भूमि पर 35 प्रजातियों के करीब 3 हजार** पेड़ लगाकर लगाए जाएंगे।
- पार्क को घना और नैसर्गिक लुक देने के लिए जापानी तकनीक "**मियावाकी**" की मदद ली जा रही है।
- इससे पहले भी पार्क के एक पॉकेट में 4 हजार स्क्वायर फीट जगह पर पौधे लगाए थे।

### चित्तौड़गढ़ में गोरा बादल स्टेडियम का निर्माण

- **चित्तौड़गढ़** जिले के **गोरा बादल स्टेडियम का निर्माण 4.59 करोड़** रुपये की लागत से किया जाएगा ।
- राजस्थान धरोहर प्राधिकरण बोर्ड के अध्यक्ष **श्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत ने "गोरा बादल स्टेडियम" के निर्माण एवं विकास कार्यों का शिलान्यास** किया।

BIGTEST.IN

# March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

## राहाबा अध्यक्ष सौरभ को "रियल एस्टेट आईकॉन अवॉर्ड"

- राहाबा अध्यक्ष एवं मोटिवेशनल स्पीकर **सौरभ सक्सेना को "रियल एस्टेट आइकॉन अवार्ड"** से सम्मानित किया गया ।

## डॉ. मालती को "डिस्टिंग्विश एल्युम्नस अवार्ड"

- **डॉ. मालती गुप्ता** को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्लेटिनम जुबली समारोह के तहत आयोजित सम्मान समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने **"डिस्टिंग्विश एल्युम्नस अवार्ड"** से सम्मानित किया ।
- मालती गुप्ता **राजस्थान की प्रथम एमसीएच डिग्री प्राप्त प्लास्टिक सर्जन** है ।
- और शहद में मानव त्वचा को सुरक्षित रखने की तकनीक पर शोध करने वाली विश्व की एकमात्र शख्सियत है ।

## राजस्थान समसामयिकी – 7 मार्च 2023

## उदयपुर जिला प्रशासन का नवाचार - 'मिशन कोटड़ा'

- **उदयपुर जिला प्रशासन** का नवाचार **'मिशन कोटड़ा'** से निखरे हुनर के रंगों से होली मनेगी ।
- राजीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी **आदिवासी महिलाओं द्वारा प्राकृतिक तरीके से गुलाल तैयार** किया जा रहा है।
- आदिवासी महिलाओं द्वारा बनाई गई **हर्बल गुलाल की देश भर में डिमांड** है।
- यह हर्बल गुलाल राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा प्राकृतिक रूप से **पलाश एवं मोगरे के फूलों और पत्तियों से तैयार** की जा रही है।
- जिले के कोटड़ा और झाड़ोल ब्लॉक के श्रीनाथ राजीविका वन-धन विकास केंद्र मगवास, उजाला राजीविका वन-धन विकास केन्द्र जुड़ा और प्रगति राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति, गोगरुद द्वारा यह गुलाल बनाई जा रही है।

## नेशनल ब्लाइंड एंड डेफ जूडो प्रतियोगिता में धौलपुर के प्रवीण शर्मा ने जीता सिल्वर मेडल

- लखनऊ में 3 से 6 मार्च 2023 तक आयोजित की गई **नेशनल ब्लाइंड एंड डेफ जूडो प्रतियोगिता में धौलपुर जिले की बसेड़ी तहसील के बांसरेई गांव निवासी नेशनल खिलाड़ी प्रवीण शर्मा ने सिल्वर मेडल** जीता ।

## मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स की रैंकिंग - 10 वीं रैंक हिंदूमलकोट थाना, श्री गंगानगर

- मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स के रैंकिंग में **राजस्थान का हिंदूमलकोट पुलिस थाना 10 वीं रैंक** पर आया है ।
- यह प्रदेश का एकमात्र थाना है, इसके अंतर्गत पुलिस थाना में सुविधाएं एवं पुलिस कर्मियों के व्यवहार जिसमें खासकर महिलाओं बच्चे एवं बुजुर्गों की शिकायत सुनने का तरीका, हवालात की सफाई , शौचालय, पेयजल एवं नई तकनीक को मध्यम रख कर यह रैंक तैयार की जाती है ।

BIGTEST.IN

## राजस्थान समसामयिकी – 8 मार्च 2023

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

- **अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च** को मनाया जाता है ।

### डॉमेस्टिक ट्रैवल मार्ट के तीसरे संस्करण का आयोजन

- **जयपुर में 14 से 16 जुलाई 2023 को डॉमेस्टिक ट्रैवल मार्ट के तीसरे संस्करण का आयोजन** किया जाएगा ।

### श्रीगंगानगर जिले की श्रीविजयनगर पंचायत बनी "तीसरी चिरंजीवी ग्राम पंचायत"

- श्रीगंगानगर जिले की रायसिंहनगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत **श्रीविजयनगर "तीसरी चिरंजीवी ग्राम पंचायत" घोषित** हुई है।
- **श्रीगंगानगर** जिला प्रशासन के प्रयासों से **रायसिंहनगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत भादवांवाला, 30 पीएसए और श्रीविजयनगर** पंचायत समिति की 50 जीबी ग्राम पंचायतें **'चिरंजीवी ग्राम पंचायत'** बन गई है।

### सीकर में "शेखावाटी उत्सव 2023" का आयोजन

- **10 से 12 मार्च 2023 तक लक्ष्मणगढ़, सीकर में "शेखावटी उत्सव 2023"** का आयोजन किया जाएगा ।

### शेखावाटी उत्सव के प्रमुख आकर्षण

1. हेरिटेज चौक
2. ऊँट व घोड़ा नृत्य, साफा बांधना प्रतियोगिता
3. पारम्परिक खेलकूद-मटका दौड़, कबड्डी, बास्केटबॉल, तीन टॉग दौड़, दाता दौड़, रस्साकसी, वॉलीबॉल प्रतियोगिता
4. स्कूली बच्चों द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान
5. मेहंदी, खोली व चित्रकला प्रतियोगिता
6. सैन्ड , आर्ट व पतंगबाजी
7. कवि सम्मेलन
8. सांस्कृतिक संध्या व भव्य आतिशबाजी
9. योग
10. रन फॉर हेल्थ
11. स्वच्छता जागरूकता रैली

### दौसा जिले में मिशन आर्या के तहत भीम प्रोजेक्ट

- राजस्थान के **दौसा** जिले में **कुपोषित बच्चों के लिए मिशन आर्या** के तहत **भीम प्रोजेक्ट - 8 का संचालन** किया गया ।
- इस मिशन के तहत जिलेभर के करीब 2600 सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में **"गुड टच बैड टच"** के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया है ।
- इसमें लगभग **3.5 लाख विद्यार्थियों को जागरूक** किया गया ।

BIGTEST.IN

## March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

### 5 वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स में योग्या सिंह ने जीता कांस्य पदक

- मध्यप्रदेश में आयोजित 5 में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में **जोधपुर निवासी योग्या सिंह ने तैराकी में कांस्य पदक** जीता है ।

## राजस्थान समसामयिकी – 9 मार्च 2023

### बांसवाड़ा जिला प्रशासन का नवाचार - "पोषण स्वराज अभियान"

- बांसवाड़ा जिला प्रशासन ने नवाचार के रूप में बीते वर्ष '**पोषण स्वराज अभियान**' शुरू किया ।
- पोषण स्वराज अभियान का **उद्देश्य जनजाति क्षेत्रों के बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाना** है।

### पुलवामा के शहीदों की वीरांगनाओं को 50 - 50 लाख रुपए की सहायता राशि

- पुलवामा के शहीदों की तीन वीरांगनाओं **(वीरांगना श्रीमती सुंदरी देवी, वीरांगना श्रीमती मंजू जाट, वीरांगना श्रीमती मधुबाला मीणा)** को नियमों के अनुसार **50 - 50 लाख रुपए की सहायता राशि** दी ।
- **भरतपुर** जिले के ग्राम सुंदरवाली के **शहीद कांस्टेबल जीतराम गुर्जर** की पत्नी वीरांगना श्रीमती सुन्दरी देवी को 50 लाख रुपए की सहायता राशि दी गई।
- **जयपुर** जिले में ग्राम गोविन्दपुरा के **शहीद कांस्टेबल रोहिताश लाम्बा** की पत्नी वीरांगना श्रीमती मंजू जाट को 50 लाख रुपए की सहायता राशि दी गई।
- जयपुर जिले के बासड़ी में विद्यालय का नाम "शहीद रोहिताश लाम्बा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय", गोविन्दपुरा, बासड़ी, शाहपुरा, जयपुर कर दिया गया है।
- **कोटा** जिले में ग्राम विनोदकलां के **शहीद कांस्टेबल हेमराज मीणा** की पत्नी वीरांगना श्रीमती मधुबाला मीणा को 50 लाख रुपए की सहायता राशि दी गई।
- शहीद कांस्टेबल हेमराज मीणा की प्रतिमा दो स्थानों, सांगोद महाविद्यालय के प्रांगण तथा पैतृक गांव के पार्क में स्थापित हैं।

### विशेष योग्यजन विद्यार्थियों के कानूनी अधिकारों और योजनाओं की पालना हेतु जांच के लिए स्कूलों के निरीक्षण का विशेष अभियान

- राजस्थान के राज्य आयुक्त **उमाशंकर शर्मा ने उदयपुर जिले से विशेष योग्यजन विद्यार्थियों के कानूनी अधिकारों और योजनाओं की पालना की जांच के लिए स्कूलों के निरीक्षण का विशेष अभियान शुरू** किया है ।
- राजस्थान में पहली बार इस अभियान की शुरुआत की गई , जिसके तहत हर विद्यालय को विशेष योग्यजन बच्चों के अनुकूल बनाने का प्रयास किया जा रहा है ।

### राजस्थान के 15 जिलों में 7834 गांव अभावग्रस्त

- राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर प्रदेश के **15 जिलों में 7834 गांव अभावग्रस्त घोषित** किए हैं ।
- जिसमें सर्वाधिक अभावग्रस्त गांव **झालावाड़ जिले के 1597 गांव** शामिल हैं ।

### राज्य स्तरीय मास्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता

- कोटा जिले में आयोजित राज्य स्तरीय मास्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता में **जयपुर निवासी राजीव शर्मा ने दोहरे खिताब** जीते ।

BIGTEST.IN

- मिश्रित युगल में राजीव शर्मा एवं राजुल भंडारी ने **रजत पदक** जीता ।

### डॉ. डी. एस. माथुर "डिस्टिंगुइशेड एलुमनाई अवार्ड" से सम्मानित

- सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज (एसएमएस) के प्लेटिनम जुबली समारोह में **डॉ. दिनेश स्वरूप माथुर** को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने **"डिस्टिंगुइशेड एलुमनाई अवार्ड"** से सम्मानित किया ।
- डॉ. दिनेश स्वरूप माथुर ने राजस्थान में **सर्वप्रथम गठिया रोग के क्लीनिक की स्थापना 25 साल पूर्व** की थी ।

### जयपुर की लक्षिता शर्मा "इंदिरा प्रियदर्शनी अवार्ड" से सम्मानित

- कोटपुतली, जयपुर निवासी लक्षिता शर्मा को **"इंदिरा प्रियदर्शनी अवार्ड"** से सम्मानित किया गया ।

## राजस्थान समसामयिकी – 10 मार्च 2023

### राजस्थान में होगी पहली मास्टर व तृतीय नेशनल योगासना प्रतियोगिता

- भारत सरकार के युवा और खेल मंत्रालय तथा भारतीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त नेशनल योगासना स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा राजस्थान के **जोधपुर शहर में प्रथम मास्टर व तृतीय सीनियर नेशनल योगासना प्रतियोगिता का आयोजन** किया जाएगा।
- तीन दिवसीय प्रतियोगिता का **शुभारंभ 19 मार्च 2023 को सारण नगर डिगाड़ी स्थित माउंट कार्मेल स्कूल** में किया जाएगा।
- इस प्रतियोगिता का आयोजन **19 मार्च 2023 से 21 मार्च 2023 तक** होगा।
- इस प्रतियोगिता में 28 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से 450 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे ।

### रणथंबोर की बाघिन टी-134 को किया सरिस्का अभ्यारण्य में शिफ्ट

- रणथंभोर अभ्यारण्य की **बाघिन टी - 134 को सरिस्का अभ्यारण्य में शिफ्ट** कर दिया गया है ।
- सरिस्का अभ्यारण में **बाघों की कुल संख्या 28 हो गई है । (जिसमें 14 बाघिन, 8 बाघ और 6 शावक है )**
- बाघिन टी-134 का सरिस्का अभ्यारण्य में **नया नाम एसटी-30 रखा** जाएगा ।

### एफसीजी कैलिफोर्निया वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेंगी शिक्षा जैन

- कैलिफोर्निया में होने वाली एफसीजी कैलिफोर्निया वर्ल्ड चैंपियनशिप में **जयपुर निवासी 11 साल की शिक्षा जैन** भाग लेंगी।
- शिक्षा जैन अब तक **42 से ज्यादा मैच में भाग** ले चुकी है ।

## राजस्थान समसामयिकी – 11 मार्च 2023

### जोधपुर में राज्य स्तरीय लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन

- **जोधपुर** जिले में **राज्य स्तरीय लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन 25 मार्च 2023 से 27 मार्च 2023** तक किया जाएगा ।
- राज्य बजट 2023 - 24 में राज्य स्तरीय लिटरेचर फेस्टिवल के आयोजन की घोषणा की गई ।

BIGTEST.IN

# March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

## राज्य निर्यात पुरस्कार 2021

- **जोधपुर** जिले में आयोजित होने वाले राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो में **राज्य निर्यात पुरस्कार 2021** दिए जाएंगे।
- इस कार्यक्रम में राजस्थान के **14 एक्सपोर्ट्स को 9 अलग-अलग कैटेगरी में 20 अवार्ड** प्रदान किए जाएंगे।
- एग्रोबेस्ड फूड प्रोसेसिंग व ऑर्गेनिक फूड प्रोडक्ट्स कैटेगरी में जयपुर के सिमिलेक्स साइलियम इंपैक्स व राधिका एग्जिम,
- कारपेट्स 'दरी व वूलन बेस्ड कैटेगरी में जयपुर रग्स कंपनी प्रा. लि.,
- गोल्ड सिल्वर प्लेटिनियम आर्टिफिशियल ज्वैलरी कैटेगरी में जयपुर की आम्रपाली एक्सपोर्ट, हैंडीक्राफ्ट कैटेगरी में जोधपुर की लटियाल हैंडीक्राफ्ट प्रा. लिमिटेड व जयपुर की राजधानी क्राफ्टस इंडस्ट्री प्रा. लि.,
- मिनरल बेस्ड प्रोडक्ट्स कैटेगरी में कोटा की वर्ल्ड ऑफ स्टोन्स प्रा. लि.. ,
- टेक्स्टाइल कैटेगरी में भीलवाड़ा के नितिन स्पिनर्स लिमिटेड व सीकर के आरएसडब्ल्यूएम लि., केमिकल फॉर्मा व एलाइड प्रोडक्ट्स कैटेगरी में उदयपुर की सन पॉलिमेक्स प्रा. लि. व उदयपुर की मेडनेस्ट बायोटेक लि.
- वुमन एंटरप्रिन्योर एक्सपोर्टर कैटेगरी में जयपुर की सिमिलेक्स साइलियम इंपैक्स और मिसलेनियस कैटेगरी में कोटा की मल्टीमेटल लिमिटेड व उदयपुर की पेसिफिक बल्क बेग्स प्रा. लि. को अवार्ड से नवाजा जाएगा।

## मूमल को मिला इंदिरा प्रियदर्शनी अवार्ड

- बालिका शिक्षा फाउंडेशन राजस्थान सरकार की ओर से महिला दिवस पर आयोजित समारोह में महारानी कॉलेज की छात्रा **मुमल शर्मा** को **"इंदिरा प्रियदर्शनी अवार्ड"** से सम्मानित किया गया।
- नोट - इंदिरा प्रियदर्शनी अवार्ड की शुरुआत 2010-11 में की गई।
- इंदिरा प्रियदर्शनी अवार्ड में कक्षा में प्रथम स्थान पाने वाली और राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाली कक्षा 8 की छात्रा को 40,000 रुपए 10 वी की छात्रा को 75,000 रुपए और 12 वीं के सभी वर्गो की छात्राओं को 1,00,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

## ऑर्गन डोनेशन (अंगदान) में राजस्थान को स्कॉच अवार्ड

- ऑर्गन डोनेशन में **राजस्थान को देश का प्रतिष्ठित स्कोच अवॉर्ड** मिला है।
- 10 मार्च 2023 को स्कोच अवॉर्ड से **सोटो (SOTTO - State Organ and Tissue Transplant Organisation)** राजस्थान को पुरस्कृत किया गया है ।

## महिलाओं के लिए ग्राफिक डिजाइन कोर्स हेतु एम. ओ. यू.

- राज्य सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए ग्राफिक डिजाइनिंग कोर्स उपलब्ध करवा रहा है ।
- विभाग ने राजीव गांधी सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (R-CAT) में सॉफ्टवेयर कंपनी एडोब ने ग्रामीण स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए इस कोर्स के लिए **वनस्पति वनस्थली विद्यापीठ टोंक के साथ एक एमओयू** किया हैं।

BIGTEST.IN

# March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

## उदयपुर में देवास तृतीय और चतुर्थ बांधो के निर्माण के लिए 1691 करोड़ स्वीकृत

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने **उदयपुर** शहर में अतिरिक्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए **देवास तृतीय तथा चतुर्थ बांधों के निर्माण के लिए 1691 करोड़** रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है ।
- उदयपुर में देवास तृतीय और चतुर्थ बांधो के निर्माण की **घोषणा बजट 2023 -24** में की गई थी।

## राजस्थान में मिलेट्स कॉन्क्लेव का आयोजन - 13 से 14 मार्च 2023

- अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के तहत राज्य में **13 और 14 मार्च 2023 को राजस्थान मिलेट्स कॉन्क्लेव का आयोजन जयपुर** स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान दुर्गापुरा में किया जाएगा ।
- वर्ष 2023 को राष्ट्र की ओर से एक अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में बनाया जा रहा है ।

## उषा शर्मा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

- राजस्थान के मुख्य सचिव **उषा शर्मा** को पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए "**लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड**" से सम्मानित किया गया ।
- ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो मार्ट के दौरान बांटे अवार्ड 2023 कार्यक्रम में उषा शर्मा को यह पुरस्कार दिया गया ।

## राजस्थान समसामयिकी – 12 मार्च 2023

## सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को राष्ट्रीय सम्मान

- राष्ट्रीय स्तर की स्कॉच अवार्ड डिजिटल सेरेमनी में **राजस्थान को दो पुरस्कार** मिले हैं।
- डिजिटल सेनेमनी में राज्य सरकार की **"पालनहार योजना" को गोल्ड अवॉर्ड, "उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना" और "मुख्यमंत्री कन्यादान योजना" को बेहतर क्रियान्वयन के लिए सिल्वर अवॉर्ड** मिला है।
- इस अवार्ड सेरेमनी में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की तीन अन्य **योजनाओं (कोरोना सहायता योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना)** को ऑडर ऑफ मेरिट सर्टिफिकेशन देकर सम्मानित किया गया है।

## इंटरनेशनल राजस्थानी कॉन्क्लेव 2023

- राजस्थान उद्योग विभाग व राजस्थान फाउंडेशन **23 और 24 सितंबर 2023 को जयपुर जिले में इंटरनेशनल राजस्थानी कॉन्क्लेव का आयोजन** करवा रहा है ।
- प्रवासी राजस्थानी को एक सूत्र में बांधने के उद्देश्य से बजट 2023 में इंटरनेशनल राजस्थानी कॉन्क्लेव की घोषणा की गई थी ।
- कॉन्क्लेव में NRR नीति में घोषित **प्रवासी सम्मान पुरस्कार** का शुभारंभ किया जाएगा ।
- नोट - **राजस्थान फाउंडेशन की स्थापना सन 2001** में की गई थी ।
- राजस्थान फाउंडेशन के **आयुक्त धीरज श्रीवास्तव** है ।

## खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2023

- तीसरे **खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2023 का आयोजन गुलमर्ग, कश्मीर** में किया गया ।

BIGTEST.IN

## March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

- खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2023 में **राजस्थान ने कुल 10 पदक** जीते । ( 6 रजत पदक तथा चार कांस्य पदक)

## राजस्थान समसामयिकी – 13 मार्च 2023

### जयपुर में 1.22 करोड़ रुपये की लागत से बिहेवियरल लैब का निर्माण

- **जयपुर** स्थित हरिचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में **बिहेवियरल लैब** की स्थापना होगी ।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने **1.22 करोड़ रुपये के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी** दी है।
- यह **एचसीएम टीपा के पटेल भवन** में स्थापित की जाएगी।
- यह देश में अत्याधुनिक तकनीक से बनाई जा रही **पहली बिहेवियरल लैब** होगी।
- इसका प्रबंधन एवं संचालन **आईआईएम, उदयपुर** द्वारा किया जाएगा।

### 5 जिलों में पशुपालक प्रशिक्षण केन्द्र

- पशुपालकों को नवीन तकनीकों का प्रशिक्षण दिलाने के लिए **अलवर, नागौर, भरतपुर, सीकर एवं अजमेर** में पशुपालक प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाएंगे।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने केंद्र खोलने और आवश्यक संसाधनों के लिए **5.18 करोड़ रुपये की मंजूरी** प्रदान की है।
- प्रस्ताव के अनुसार, प्रत्येक संस्थान पर **हर महीने 30-30 पशुपालकों के 3 बेच** होंगे।
- इस प्रकार एक वर्ष में कुल **36 बैच आयोजित कर 1,080 पशुपालकों** को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस तरह सभी पांचों केंद्रों में प्रतिवर्ष 5,400 पशुपालकों को प्रशिक्षण मिलेगा।

### खादी वस्तुओं पर 50% की विशेष छूट

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने **राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राज्य में उत्पादित खादी वस्तुओं पर 50% विशेष छूट देने के प्रस्ताव को स्वीकृति** दी है ।
- यह छूट आगामी **2 अक्टूबर 2023 से 30 जनवरी 2024 तक लागू** रहेगी ।
- वर्ष 2023-24 के राज्य बजट में इसकी घोषणा की थी ।

### बांसवाड़ा के नन्हे स्केच आर्टिस्ट श्री अर्जुन शुक्ला चर्चा में

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने **12 मार्च 2023 को बांसवाड़ा के कक्षा 5 के नन्हे स्केच आर्टिस्ट श्री अर्जुन शुक्ला** को मुख्यमंत्री निवास पर बुलाकर उत्साहवर्धन किया।

### राजस्थान आवासन मंडल के आयुक्त पवन अरोड़ा को "ग्लोबल सीएसआर एक्सीलेंस एंड लीडरशिप अवार्ड"

- राजस्थान के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और **राजस्थान आवासन मंडल के आयुक्त पवन अरोड़ा** को मुंबई में टाइम्स समूह की वर्ल्ड एचआरडी कॉन्ग्रेस ने प्रतिष्ठित 'विजनरी लीडर' और प्रतिष्ठित वर्ल्ड सस्टेनेबिलिटी संस्था ने **"ग्लोबल सीएसआर एक्सीलेंस एंड लीडरशिप अवार्ड"** से सम्मानित किया।
- **नोट - राजस्थान आवासन मंडल का स्थापना दिवस - 24 फरवरी 1970**

BIGTEST.IN

# March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

## राजस्थान समसामयिकी – 14 मार्च 2023

### राजकिसान एप लॉन्च

- राजस्थान मिलेट्स कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री श्री गहलोत ने **राजस्थान के 8 जिलों के 9 किसानों को राज्य स्तरीय कृषक पुरस्कार से सम्मानित** किया ।
- साथ ही श्री अशोक गहलोत ने **किसानों की सुविधा के लिए "राजकिसान एप" लॉन्च** किया ।
- कृषि मंत्री श्री लालचंद कटारिया है ।

### आई.टी. मेगा जॉब फेयर 2023 का आयोजन

- **आई.टी. मेगा जॉब फेयर 2023 का आयोजन 20-21 मार्च 2023 को जयपुर** में किया जाएगा ।

### जयपुर में उत्तर भारत का पहला रोबोटिक सर्जरी हॉस्पिटल

- **एसएमएस (जयपुर) उत्तर भारत का पहला ऐसा सरकारी हॉस्पिटल** बन गया है जहां **रोबोटिक सर्जरी** शुरू हो गई है ।

### बीकानेर रियासत की पूर्व राजमाता सुशीला कुमारी का निधन

- **बीकानेर रियासत की पूर्व राजमाता सुशीला कुमारी का 11 मार्च 2023 को निधन** हो गया ।
- डूंगरपुर राजघराने में जन्मी **सुशीला कुमारी लगभग 95 वर्ष** की थी।
- धर्म परायण सुशीला कुमारी राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष **महारावल लक्ष्मण सिंह की सुपुत्री** थी।
- सुशीला कुमारी बीकानेर की मौजूदा **भाजपा विधायक सिद्धि कुमारी की दादी** थी।
- बीकानेर महाराजा गंगा सिंह के पोते और सार्दूल सिंह के सुपुत्र **मशहूर ओलिम्पियन महाराजा डॉक्टर करणी सिंह की पत्नी** थी।

## राजस्थान समसामयिकी – 15 मार्च 2023

### राजस्थान आईटी दिवस 2023 - 19-21 मार्च

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने **राजस्थान कॉलेज, कॉमर्स कॉलेज और जवाहर कला केन्द्र आयोजन के लिए 36.82 करोड़** रुपये खर्च करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।
- राजस्थान आईटी दिवस पर **स्टार्टअप एक्सपो, हैकाथॉन, जॉब फेयर, स्मार्ट विलेज, आईटी कार्निवाल, यूथ फेस्ट का आयोजन** किया जाएगा।
- जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में '**स्मार्ट विलेज**' बनाया जाएगा।
- **आई.टी. मेगा जॉब फेयर 2023 का आयोजन 20-21 मार्च 2023 को जयपुर** में किया जाएगा ।
- आई.टी. मेगा जॉब फेयर में **400 से अधिक कम्पनियां** भाग लेंगी।

### चित्तौड़गढ़ में प्रथम मिशन एकलव्य ज्ञान केंद्र

- राजस्थान सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने **चित्तौड़गढ़ ज़िले के निंबाहेड़ा के फाचट अहिरान ग्राम पंचायत में वंडर सीमेंट लि. के सहयोग से ज़िले के प्रथम मिशन एकलव्य ज्ञान केंद्र** का उद्घाटन किया।

BIGTEST.IN

- ग्रामीण छात्र-छात्राओं को लाइब्रेरी एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयाटी की सुविधा प्रदान करने के लिये चित्तौड़गढ़ जिले में **105 मिशन एकलव्य के तहत ज्ञान केंद्र** स्थापित किये जा रहे हैं।
- जिसमें से 5 ज्ञान केंद्र वंडर सीमेंट के सहयोग से स्थापित किये जा रहे हैं।

### इनाया खान को "इंदिरा महिला शक्ति अवार्ड"

- ममता भूपेश मंत्री, महिला एवं बाल विकास विभाग राजस्थान सरकार की ओर से **जयपुर निवासी इनाया खान को "इंदिरा महिला शक्ति अवार्ड"** से सम्मानित किया गया ।

### अटल भूजल योजना

- अटल भूजल योजना में **भारत सरकार और विश्व बैंक के बीच 50%-50%** हिस्सेदारी है ।
- यह **देश के 7 राज्यों के 78 जिलों** को शामिल किया गया है ।
- इस योजना का **शुभारंभ अप्रैल 2020** को किया गया ।
- प्रथम चरण में 6000 करोड़ रूपए में से **राजस्थान को 1189.65 करोड़ रुपए** मिलेंगे ।
- यह 5 वर्षों की अवधि **2020-21 से 2024-25 में लागू** की जाएगी।
- राजस्थान **के 17 जिलों की 38 पंचायत समितियों के 1139 ग्राम पंचायतों** को चयनित किया गया ।
- इसमें देश के साथ राज्य **राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक और हरियाणा** शामिल किए गए ।

## राजस्थान समसामयिकी – 16 मार्च 2023

### "ई-गवर्नेंस राजस्थान अवार्ड"

- राज्य सरकार द्वारा ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए **94 लोगों को "ई-गवर्नेंस राजस्थान अवार्ड" से सम्मानित** किया जाएगा।
- यह अवार्ड राजस्थान आईटी दिवस पर 19 से 21 मार्च तक होने वाले स्टार्टअप एक्सपो के दौरान दिए जाएंगे।
- यह **ई-गवर्नेंस राजस्थान अवार्ड 6 श्रेणियों** में दिए जाते हैं।
- **ए-1 श्रेणी में** -
- ए-1 श्रेणी में **हनुमानगढ़ जिला कलक्टर श्रीमती रुक्मणि रियार सिहाग, चित्तौड़गढ़ जिला कलक्टर श्री अरविन्द कुमार पोसवाल** को सम्मानित किया जाएगा।
- **ए-2 श्रेणी में** -
- ए-2 श्रेणी में **पुलिस अधीक्षक अलवर श्रीमती तेजस्वनी गौतम, आरजीएचएस निदेशक श्रीमती शिप्रा विक्रम और जयपुर जिला परिषद सीईओ श्री जसमीत सिंह संधू** को यह अवार्ड दिया जाएगा।
- ए-1 और ए-2 श्रेणी के तहत सम्मान के रूप में **आईपैड और प्रशस्ति पत्र** दिया जाएगा।
- **बी-1 श्रेणी में** -
- बी-1 श्रेणी में जिला स्तर पर बेहतर कार्य करने वाले **10 जिला अधिकारियों** को यह अवार्ड दिया जाएगा।
- **बी-2 श्रेणी में** -
- बी-2 श्रेणी में **उपखण्ड अधिकारी, बीडीओ, तहसीलदार और अन्य ब्लॉक स्तरीय 10 अधिकारियों** को यह अवार्ड दिया जाएगा।

BIGTEST.IN

- बी-1 और बी-2 श्रेणी में **विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को स्मार्ट फोन और प्रशस्ति पत्र** दिए जाएंगे।
- **सी-1 और सी-2 श्रेणी में -**
- सी-1 और सी-2 श्रेणी में प्रत्येक जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र से एक-एक ई-मित्र कियोस्क संचालक का (कुल- 66 ) चयन इस पुरस्कार के लिए किया गया है।
- सी-1 और सी-2 श्रेणी में **प्रत्येक अवार्डी को 10-10 हजार रुपये नकद और प्रशस्ति पत्र** दिया जाएगा।
- **डी-श्रेणी में**
- डी-श्रेणी में **3 स्थानीय सर्विस प्रदाताओं** को यह सम्मान दिया जाएगा।
- डी-श्रेणी में इन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) से आयोजित महिला सप्ताह के क्रम में अंतिम दिन महिला अधिकारिता विभाग द्वारा जयपुर में राज्य स्तरीय प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।
- महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, निशुल्क बालिका शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में **उत्कृष्ट कार्यों के लिए 27 व्यक्तियों एवं संस्थाओं और विभाग के 6 कर्मियों को सम्मानित** किया गया ।
- इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन योजना में **सर्वाधिक संख्या में ऋण स्वीकृत करने के लिए झुंझुनू जिला कलेक्टर श्री लक्ष्मण सिंह कुड़ी को सम्मानित** किया गया ।
- **प्रथम पुरस्कार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना में हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर श्रीमती रुकमणी रियार** को दिया गया।
- **द्वितीय पुरस्कार अलवर जिला कलेक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी** को दिया गया ।
- **तृतीय पुरस्कार चूरू जिला कलेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह** को दिया गया ।
- दौसा जिले की श्रीमती सुनीता गुप्ता को महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए इंदिरा महिला शक्ति विशिष्ट सम्मान में ₹51000, मोमेंटो एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया ।

## विश्व में तीसरा सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर राजस्थान का भिवाड़ी

- स्विस आइक्यू एयर की वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2022 में **राजस्थान का भिवाड़ी शहर (अलवर) विश्व में तीसरा सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर घोषित** किया गया है ।
- वर्ष 2021 के आंकड़ों के आधार पर जारी रिपोर्ट में **भिवाड़ी को मार्च 2022 में दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर घोषित** किया गया था ।
- यह रिपोर्ट दुनिया के 131 देशों के डाटा के आधार पर तैयार की गई है ।
- दुनिया के **सबसे प्रदूषित टॉप 100 शहरों में 65 शहर भारत** के है ।
- **टॉप 10 सबसे प्रदूषित शहरों में 6 शहर** भारतीय है ।
- **पाकिस्तान का लाहौर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर** है ।

## बूंदी में गोठड़ा बांध के 9.8 करोड़ की स्वीकृति

- **बूंदी जिले में गोठड़ा बांध के सुदृढ़ीकरण के लिए 9.8 करोड़ रुपए के प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति** जारी की गई है ।

BIGTEST.IN

## March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

### जल जीवन मिशन में राजस्थान का स्थान

- राजस्थान में **जल मिशन के तहत अब तक लगभग 36.28 लाख जल कनेक्शन** जारी किए जा चुके हैं।
- राज्य में फरवरी, 2023 में औसतन 7,142 कनेक्शन प्रतिदिन दिए गए तथा मार्च, 2023 में औसतन 8,000 कनेक्शन प्रतिदिन देने का लक्ष्य रखा है।
- **प्रतिदिन जल कनेक्शन देने में राजस्थान देश में तीसरे स्थान** पर है।
- जल जीवन मिशन में अब तक 13 हजार करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।
- इसमें **राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में चौथे स्थान** पर है।
- वर्ष 2023 में लगभग 7,500 करोड़ रुपये व्यय करने का लक्ष्य रखा गया है।

### नारी शक्ति शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित डॉ. सविता महेश्वरी

- दिल्ली स्थित सर्वोच्च न्यायालय के कृष्ण भवन में आयोजित महिला शक्ति सम्मेलन में देश भर की **100 महिलाओं** को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए **"नारी शक्ति शिरोमणि पुरस्कार"** से सम्मानित किया गया ।
- **जयपुर की डॉक्टर सविता महेश्वरी को होम्योपैथी तथा माइंड पावर थेरेपी से महिलाओं के उपचार हेतु उत्कृष्ट कार्य करने के लिए "नारी शक्ति शिरोमणि पुरस्कार"** सम्मानित किया गया ।

### राष्ट्रीय महिला उत्कृष्टता अवार्ड से सम्मानित डॉ नीलम गोयल

- **डॉक्टर नीलम गोयल** भारत की परमाणु सहेली को नई दिल्ली में **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर राष्ट्रीय महिला उत्कृष्टता अवार्ड (नेशनल वूमेंस एक्सीलेंस अवार्ड 2023) से सम्मानित** किया गया ।
- यह अवार्ड उन्हें "सशक्त नारी सशक्त भारत अभियान" के तहत राष्ट्रीय महिला पार्लियामेंट और नेशनल ह्यूमन राइट एम्बेसडर ऑर्गेनाइजेशन द्वारा शिक्षा विकास योगदान के लिए दिया गया ।

### दीनदयाल स्पर्श योजना एवं ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता

- डाक विभाग की ओर से शुरू की गई **"दीनदयाल स्पर्श योजना"** एवं **"ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता"** ।
- **दीनदयाल स्पर्श योजना के तहत कक्षा 6 से 9 के 40 विद्यार्थियों को विजेता घोषित** किया गया ।
- दीनदयाल स्पर्श योजना के तहत **प्रत्येक विजेता को ₹6000 की छात्रवृत्ति** दी जाएगी ।
- **ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को ₹25000 , द्वितीय विजेता को 10000 एवं तृतीय विजेता को ₹5000 की राशि से सम्मानित** किया गया ।

### समाजसेवी इंद्र कुमार तोलानी का निधन

- **समाजसेवी इंदर कुमार तोलानी का 14 मार्च 2023 को हार्ट अटैक से निधन** हो गया ।
- इंदर कुमार तोलानी के **पिता हरूमल तोलानी स्वतंत्रता सेनानी** थे ।
- इंद्र कुमार तोलानी की **उम्र लगभग 75 साल** थी।
- समाजसेवी **इंदर कुमार तोलानी भाखेड़ा, अलवर** के रहने वाले थे।

BIGTEST.IN

# March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

## राणा प्रताप सागर बांध का मॉडल बनाने वाले धुलाराम पंवार का निधन

- रावतभाटा में सबसे उम्रदराज और **राणा प्रताप सागर बांध के रिटायर कर्मचारी धुलाराम पंवार (105 वर्ष) का निधन** हो गया ।
- राणा प्रताप सागर बांध के कर्मचारी **धुलाराम में राणा प्रताप सागर बांध का मॉडल** बनाया था ।
- देशभर में प्रदर्शनी में भाग लेकर **मिट्टी पत्थर से बांध का मॉडल** बनाकर दिखाते थे ।
- परिजनों ने **2019 में उनका जन्म शताब्दी वर्ष** मनाया था ।

## राजस्थान समसामयिकी – 17 मार्च 2023

## राजस्थान में पैनोरमा का निर्माण

- कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने विधान सभा में बताया कि राज्य में **नए पैनोरमा निर्माण के कार्य प्रगतिरत** हैं।
- **गोविन्द गिरी पैनोरमा** का नवम्बर 2022 में शिलान्यास तथा फरवरी 2023 को कार्यादेश जारी हुए हैं।
- **राणा हम्मीर पैनोरमा** के लिए फरवरी 2023 में वित्तीय स्वीकृति जारी हुई, अब तक इस पर 2.71 लाख रुपये व्यय किए जा चुके हैं।
- **भगवान देवनारायण पैनोरमा** जोधपुरिया का निर्माण जनवरी 2023 में शुरू हुआ, जिस पर 2.94 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं।
- **वीर दुर्गादास पैनोरमा** के लिए कार्यादेश तथा वित्तीय स्वीकृति जारी होने के बाद अब तक 2.67 लाख रुपये व्यय हो चुके हैं।

## राजस्थान आवासन मंडल का टर्नओवर

- राजस्थान आवासन मंडल सफलता की नई इबारतें लिख रहा है।
- आवासन मंडल का **टर्नओवर 7,500 करोड़ रुपये से अधिक** का हो गया है।

## स्मार्ट सिटी मिशन योजना में राजस्थान का स्थान

- स्मार्ट सिटी मिशन योजना में **राजस्थान ने पूरे देश में द्वितीय स्थान** प्राप्त किया है।

## राजस्थान में संरक्षित वन क्षेत्र बढ़कर हुआ 3.92%

- वन एवं पर्यावरण मंत्री **श्री हेमाराम चौधरी** ने बताया कि राज्य में वन, पर्यावरण एवं वन्य जीवों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयत्यशील है।
- **राजस्थान के कुल क्षेत्रफल 9.7% वन क्षेत्र** है।
- राजस्थान में **संरक्षित वन क्षेत्र बढ़कर 3.92% हो** गया है।
- आगामी वर्ष में **80 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण** कराया जाएगा।
- 'ट्री आउट साइड फोरेस्ट इन राजस्थान' योजना के तहत **5 करोड़ पौधों का वितरण** होगा।
- राजस्थान में **15 स्थानों को इको सेंसेटिव जोन** घोषित किया गया है।
- सरकार ने नई वन नीति के तहत 20% भूमि आच्छादित करने का लक्ष्य रखा है।
- वर्ष 2022-23 में 56,410 हैक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण कराया जा चुका है।
- वर्ष 2023-24 में 80 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण होगा।

BIGTEST.IN

- विधान सभा में वन एवं पर्यावरण विभाग की 16, 78.24 करोड़ रुपय को अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित की गई।

## चूरू में खारा पानी एक्वाकल्चर प्रयोगशाला की स्थापना

- खारे पानी में **झींगा पालन को बढ़ावा देने के लिए चूरू में खारा पानी एक्वाकल्चर प्रयोगशाला (Brackish Water Aquaculture Laboratory) की स्थापना** की जाएगी ।
- **नोट** -
- पपीते का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बहरावण्डा (सिकराय, दौसा)
- अंजीर का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सिरोही
- सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर एपीकल्चर-टोंक 5
- सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन पंचकर्मा- जयपुर

## राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना (RWSLIP)

- यह परियोजना **27 जिलों में 137 सिंचाई परियोजनाओं के पुनर्वास तथा नवीनीकरण के लिए जापान इंटरनेशनल कॉरपोरेशन एजेंसी (JICA) से ऋण सहायता स्वीकृत** की गई है ।
- इससे 4.70 लाख हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र के किसान लाभान्वित होंगे परियोजना की **अनुमानित लागत 2348.87 करोड़** है ।

## 39 वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में ललित कुमार ने जीता स्वर्ण पदक

- बरेली में आयोजित **39 वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के 63 किग्रा भार वर्ग में भरतपुर के ललित कुमार ने स्वर्ण पदक** जीता है ।

## राजस्थान विधानसभा सर्वश्रेष्ठ विधायक 2022

- राजस्थान विधानसभा में स्पीकर डॉ. सीपी जोशी की अध्यक्षता में **बाड़मेर के शिव से कांग्रेस विधायक अमीन खान और अजमेर दक्षिण से भाजपा विधायक अनीता भदेल को सर्वश्रेष्ठ विधायक 2022** चुना गया ।
- ज्ञानचंद पारख - 2019
- संयम लोढ़ा - 2020
- मंजू देवी, बाबूलाल - 2021
- अनिता भदेल, अमीन खान

## राष्ट्रीय महिला गौरव अवॉर्ड

- नई दिल्ली के महाराष्ट्र, सदन में आयोजित समारोह में **जयपुर की सुप्रसिद्ध गायिका ममता वाजपेयी को वर्ष 2023 के "राष्ट्रीय महिला गौरव अवार्ड"** से सम्मानित किया गया ।
- ममता वाजपेयी सुर संगम संगीत कला मंदिर व बालिका फाउंडेशन की अध्यक्ष हैं ।

## 130 करोड़ की लागत से बना राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर

- जेडीए द्वारा **राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर** को बनाया गया है।
- **राजस्थान दिवस 30 मार्च 2023 पर इसका लोकार्पण** किया जाएगा।
- राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर की **नींव अशोक गहलोत ने 2013** में रखी थी।

BIGTEST.IN

## March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

- 2018 में कांग्रेस सरकार फिर से आने के बाद इस प्रोजेक्ट का काम शुरू किया गया।
- राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली में स्थित इंटरनेशनल सेंटर की तर्ज पर ही बनाया गया है।
- इसमें **1-1 ऑडिटोरियम, कन्वेंशन सेंटर, 3 कॉन्फ्रेंस रूम, ई लाइब्रेरी के साथ लग्जरी रेस्त्रां , पार्किंग की सुविधा** भी मिलेगी।
- ऑडिटोरियम की सीट क्षमता 750 सीट।
- कन्वेंशन सेंटर की सीट क्षमता 500 रहेगी।
- राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर की **बिल्डिंग को इंटीरियर को हेरिटेज लुक में बनाया** गया है।
- ऑडिटोरियम की दीवारों पर **जैसलमेर स्थित पटवों की हवेली की झलक** देखने को मिलेगी।
- राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के कन्वेंशन हॉल में सिटी पैलेस के झरोखे हवा महल की खिड़कियां और मिनी ऑडिटोरियम को मारवाड़ पैटर्न के अनुसार बनाया गया है।
- कॉन्फ्रेंस हॉल को **जोधपुर के मंडोर उद्यान में प्राचीन कला केंद्र मेहरा वह स्मारक पर** आधारित बनाया गया है।

### राजस्थान में 19 नए जिलों और 3 नए संभागों की घोषणा

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने 17 मार्च 2023 को 19 नए जिले और 3 नए संभाग बनाने की घोषणा की ।
- राजस्थान में अब कुल 50 जिले हो गए हैं । (33 + 19=52 जिले बनने चाहिए लेकिन जयपुर और जोधपुर को दो भागों में बांट दिया । जयपुर को जयपुर उत्तर व जयपुर दक्षिण में और जोधपुर को जोधपुर पूर्व व जोधपुर पश्चिम में बांट दिया)
- इससे पहले राजस्थान में कुल 33 जिले थे ।
- 33 वा जिला प्रतापगढ़ जो कि 2008 में बना था ।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 17 मार्च 2023 को राजस्थान में 3 नए संभाग (बांसवाड़ा , पाली, सीकर) बनाने की घोषणा की है।
- राजस्थान में वर्तमान में कुल संभागों की संख्या 10 हो गई है ।
- इससे पहले राजस्थान में 7 संभाग थे । (जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भरतपुर)
- राजस्थान सबसे ज्यादा जिलों वाला तीसरा राज्य है।
- राजस्थान में 17 मार्च 2023 में 19 नए जिलों की घोषणा करने के बाद अब कुल 50 जिले हो गए हैं।
- उत्तर प्रदेश 75 जिलों के साथ देश में जिलों की दृष्टि से प्रथम स्थान पर है।
- मध्यप्रदेश 53 जिलों साथ देश में जिलों की दृष्टि से द्वितीय स्थान पर है।
- नोट - दूदू देश में पहली ग्राम पंचायत है जो सीधे जिला बनी है।

### कौनसा जिला किस जिले से अलग होकर बना है -

### नए 19 ज़िलों के नाम

1. अनुपगढ - गंगानगर से अलग होकर बनेगा ।

BIGTEST.IN

2. ब्यावर - अजमेर से अलग होकर बनेगा ।
3. बालोतरा - बाड़मेर से अलग होकर बनेगा ।
4. डीग - भरतपुर से अलग होकर बनेगा ।
5. डीडवाना कुचामन - नागौर से अलग होकर बनेगा ।
6. दूदू - जयपुर से अलग होकर बनेगा ।
7. गंगापुर सिटी - सवाई माधोपुर से अलग होकर बनेगा ।
8. जयपुर उत्तर - जयपुर से अलग होकर बनेगा ।
9. जयपुर दक्षिण - जयपुर से अलग होकर बनेगा ।
10. जोधपुर पूर्व - जोधपुर से अलग होकर बनेगा ।
11. जोधपुर पश्चिम - जोधपुर से अलग होकर बनेगा ।
12. केकड़ी - अजमेर से अलग होकर बनेगा ।
13. कोटपुतली बहरोड़ - अलवर से अलग होकर बनेगा ।
14. खैरथल - अलवर से अलग होकर बनेगा ।
15. फलोदी - जोधपुर से अलग होकर बनेगा ।
16. सलुंबर - उदयपुर से अलग होकर बनेगा ।
17. सांचोर - जालौर से अलग होकर बनेगा ।
18. शाहपुरा - भीलवाड़ा से अलग होकर बनेगा ।
19. नीम का थाना - सीकर से अलग होकर बनेगा ।

### 3 नए संभागों के नाम

1. बांसवाड़ा
2. पाली
3. सीकर

## राजस्थान समसामयिकी – 18 मार्च 2023

### अजमेर डिस्कॉम किसानों को कृषि कनेक्शन जारी करने में अव्वल

- निगम ने चालू वित्त वर्ष में **फरवरी माह तक 36,655 कृषि कनेक्शन जारी** किये है।
- सर्वाधिक **5,796 कनेक्शन भीलवाड़ा सर्किल में** जारी किए गए हैं।

फोटो

### विधायकों के जीवन परिचय का सॉफ्टवेयर हमारे विधायक का होगा लोकार्पण

- पहली से पन्द्रहवीं विधानसभा के सदस्यों के जीवन परिचय पर आधारित सॉफ्टवेयर **"हमारे विधायक" का लोकार्पण 20 मार्च सोमवार** को किया जायेगा।

BIGTEST.IN

- असम के राज्यपाल श्री कटारिया और विधानसभा में सर्वश्रेष्ठ विधायकों का सम्मान 20 मार्च को होने वाले प्रभावी एवं सार्थक लोकतंत्र को बढ़ावा देने में विधान मण्डल की भूमिका पर सेमीनार में होगा ।

## RSLDC का भिवाड़ी में 21 मार्च को 'इण्डस्ट्रीज कनेक्ट

- **राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (आरएसएलडीसी)** की ओर से **अलवर जिले के भिवाड़ी में 21 मार्च को 'इण्डस्ट्रीज कनेक्ट 2023' का आयोजन** किया जाएगा।
- कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता राज्य मंत्री श्री अशोक चांदना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।
- RSLDC की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुश्री रेणु जयपाल ने बताया कि **'इण्डस्ट्रीज कनेक्ट' का मुख्य उद्देश्य स्किल गैप को दूर कर रोजगार के अवसर को बढ़ावा देना है**।
- जिसके लिए रिक्रूट, ट्रेन एंड डिप्लॉय (आरटीडी) मॉडल के तहत कंपनियों के साथ एमओयू भी किया जाएगा।

## उदयपुर जिले में पेयजल के लिए 362.13 करोड़ रुपये स्वीकृत

- उदयपुर जिले के 367 गांवों के लाखों ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए **362.13 करोड़ रुपये की स्वीकृति** दी है।
- इस निर्णय से **सोम- कमला- अम्बा बांध से जल प्रदाय योजना के जरिए गांवों को पेयजल उपलब्ध** हो सकेगा।
- मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023-24 के बजट में यह घोषणा की थी।

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने की अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं बजट 2023-24

- किशनगढ़ एयरपोर्ट को कॉमर्शियल किया जाएगा ।
- **चूरू, पाली में स्पोर्ट्स स्कूल खोलने की घोषणा ।**
- पाली में 10 करोड़ की लागत से स्पोर्ट्स स्कूल खोले जाएंगे ।
- **मदरसा अनुदेशक के 6843 पदों पर भर्ती की घोषणा ।**
- मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों को भी निःशुल्क यूनिफार्म दी जाएगी ।
- जोधपुर के NCC ग्रुप मुख्यालय में प्रशिक्षण एकेडमी खोलने की घोषणा ।
- मई 2023 से रिटायरमेंट के दिन ही सभी परिलाभ मिल जाएंगे ।
- **जैसलमेर और पाली में फूड पार्क स्थापित होंगे।**
- नगरीय क्षेत्रों में सुलभ इंटरनेशनल के माध्यम से 500 महिला सार्वजनिक शौचालय संचालित होंगे।
- 5,000 से अधिक आबादी वाले गांवों में भी महिलाओं के लिए टॉयलेट बनेंगे।
- इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना की अवधि बढ़ाकर मार्च 2024 तक और आवेदकों के लिए आयु सीमा 40 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष।
- **गोविंद देवजी मंदिर का उज्जैन के महाकाल मंदिर की तर्ज पर विकास के लिए 100 करोड़ रुपये खर्च की योजना ।**
- तीर्थराज पुष्कर के समग्र विकास हेतु पुष्कर विकास प्राधिकरण के गठन की घोषणा की ।
- राजस्थान में 1035 ने पटवार मंडल बनेंगे।

BIGTEST.IN

# March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

## मुख्यमंत्री डिजिटल सेवा योजना

- राज्य बजट वर्ष 2022-23 में घोषित **'मुख्यमंत्री डिजिटल सेवा योजना'** के तहत प्रदेश के चिरंजीवी परिवारों की महिला मुखियाओं को स्मार्टफोन का वितरण चरणबद्ध रूप से किया जाएगा।
- रक्षाबंधन से स्मार्टफोन दिए जाएंगे ।
- **पहले चरण में 40 लाख फोन दिए जाएंगे ।**

## बांध-नहरों के लिए 37 करोड़ रुपये स्वीकृत

- **बांसवाड़ा जिले के कागदी बांध का जीर्णोद्धार 10 करोड़ रुपये** की लागत से होगा।
- **जयपुर में गजाधरपुरा एसटीपी से कालख बांध** तक जा रही नहर का लाइनिंग कार्य 11.73 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।
- **सवाईमाधोपुर** जिले में **मोरा सागर बांध से नहर के लाइनिंग कार्य पर 15.03 करोड़** रुपये खर्च होंगे।

## राजस्थान समसामयिकी – 19 मार्च 2023

## बाड़मेर में "थार महोत्सव 2023" का आयोजन

- **बाड़मेर जिले में "थार महोत्सव 2023" का आयोजन 18 मार्च से 20 मार्च 2023 तक** किया गया।
- राजस्थान के बाड़मेर ज़िले में लोक कला, संस्कृति, इतिहास, पर्यटन एवं हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'थार महोत्सव' का आयोजन किया गया।
- **बीकानेर की रहने वाली कोमल ने "थार सुंदरी" का खिताब जीता**।
- कोमल बीकानेर शिक्षा विभाग में जूनियर असिस्टेंट हैं।
- इससे पहले कोमल सिद्ध बीकानेर के "ऊंट महोत्सव 2023" में मिस मरवण का खिताब भी जीता था।
- **बाड़मेर के लक्ष्मीनगर के रहने वाले विक्रम ने "थार श्री" का खिताब जीता**।

## भरतपुर में मेगा जॉब फेयर का आयोजन

- **भरतपुर** जिले में एम एस जे कॉलेज ग्राउंड में **23 व 24 मार्च 2023 को मेगा जॉब फेयर का आयोजन** किया जाएगा ।

## शूटिंग बॉल में राजस्थान के महिला टीम को गोल्ड पुरुष टीम को सिल्वर

- एक भारत श्रेष्ठ भारत शूटिंग बॉल उज्जैन तीन चिकने राजस्थान की अंदर 25 महिला टीम ने पुडुचेरी और दमन एवं दीव को हराकर **स्वर्ण पदक जीत** लिया।
- राजस्थान बॉयस टीम ने पदक जीता।

## राज्य स्तरीय कैरम चैंपियनशिप में जयपुर विजेता

- अजमेर में कैरम की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में **कैरम चैंपियनशिप में कुल 11 टीमों के 70 खिलाडियों ने भाग** लिया।
- राज्य स्तरीय कैरम चैंपियनशिप में **जयपुर ने टोंक को हराकर चैंपियनशिप** जीती।
- राजस्थान कैरम संग के अध्यक्ष सूरज खत्री है।

BIGTEST.IN

# March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

## आर्चरी में रजत ने जीता टीम ब्रान्ज मेडल

- गुजरात में हुई सीनियर कंपाउंड **नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में राजस्थान पुलिस के आर्चरी खिलाड़ी रजत चौहान ने टीम ब्रान्ज मेडल** जीता है।
- रजत राजस्थान पुलिस के प्रशिक्षु उप अधीक्षक हैं।

## वुशू चैंपियनशिप में 11 महिला खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल

- **सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर** में खेलो इंडिया की ओर से आयोजित दस का दम में **वुशू चैंपियनशिप में 11 महिला खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल** जीता ।
- निम्न 11 महिला खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीता -

1. केशिका जोशी (जयपुर)
2. अभिज्ञा शर्मा (जयपुर)
3. अंशुल शर्मा (जयपुर)
4. पिंकी बोराना (जोधपुर)
5. मुस्कान सैनी (सीकर)
6. वर्षा कंवर तंवर (सीकर)
7. नीलम चौधरी (जयपुर)
8. दिव्या चौधरी (जयपुर)
9. भूमिका राठौड़ (जयपुर)
10. पुनिका पुनिया (जयपुर)
11. आशा सोनी (जयपुर)

## डॉक्टर मुजाहिद सलीम को "प्राइड ऑफ राजस्थान अवार्ड"

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा डॉ. मुजाहिद सलीम को जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी में उत्कृष्ट कार्यो के लिए **"प्राइड ऑफ राजस्थान अवार्ड"** प्रदान किया गया ।

## युद्धाभ्यास में करौली के जवान मोहन गुर्जर शहीद

- उत्तराखंड में सैनिक युद्ध अभ्यास के दौरान **महमदपुर, करौली के मोहन गुर्जर शहीद** हो गए।
- मोहन गुर्जर सेना कि आर्टिलरी रेजिमेंट में थे।

## पत्रकारिता यूनिवर्सिटी (HJU) में एआई और मशीन लर्निंग के लिए बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

- जयपुर स्थित हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार यूनिवर्सिटी (HJU) में एआई और मशीन लर्निंग का प्रशिक्षण देने के लिए **"डिजिटल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन इमर्जिंग टेक्नोलॉजी"** बनाया जाएगा।
- मोबिलाइट टेक्नोलॉजी कंपनी इस सेंटर की स्थापना में मदद करेगी।

## जैसलमेर में वंडर सीमेंट लिमिटेड की परियोजना के लिए 1,800 करोड़ रुपये स्वीकृत -

- जैसलमेर जिले के ग्राम पारेवर में 4 एमटीपीए, 2.5 एमटीपीए सीमेंट एवं 40 मेगावॉट ऊर्जा उत्पादन संयंत्र के एकीकृत सीमेंट संयंत्र लगेंगे।
- 1,800 करोड़ रुपये का निवेश होगा ।

BIGTEST.IN

- 825 लोगों को रोजगार मिलेगा।

### जैसलमेर में जेके सीमेंट लिमिटेड की परियोजना के लिए 2,550 करोड़ रुपये स्वीकृत

- जैसलमेर जिले के ग्राम पारेवर में 4 एमटीपीए क्लिंकर, 3 एमटीपीए सीमेंट के साथ 25 मेगावाट कैप्टिव सोलर पावर प्रोजेक्ट और 25 मेगवाट डब्ल्यूएचआरएस कैप्टिव पावर उत्पादन संयंत्र स्थापित होंगे।
- 2,550 करोड़ रुपये का निवेश होगा ।
- और 825 व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

### डूंगरपुर में फोर्टेलिया इंडस्ट्रीज प्रा. लि. की परियोजना के लिए 1,500 करोड़ रुपये स्वीकृत

- डूंगरपुर की सीमलवाड़ा तहसील के खीर खैया, जोरावरपुरा में कास्टिक सोडा, श्री हाइड्रोक्लोरिक एसिड एवं संबद्ध उत्पाद लोग विनिर्माण संयंत्र लगेंगे।
- 1,500 करोड़ रुपये का निवेश होगा ।
- और 2,070 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा।

### अलवर में बड़वे ग्रुप की परियोजना के लिए 1,015.77 करोड़ रुपये स्वीकृत

- अलवर के कारोली औद्योगिक क्षेत्र में दो पहिया, तिपहिया, चौपहिया वाहनों के लिए ऑटोमोबाइल असेम्बल फ्रेम्स एवं पाट्र्स तथा शीट मेटल्स और प्लास्टिक्स से निर्मित एक्सेसरीज की 4 विनिर्माण ईकाई की स्थापना होगी।
- इससे 1,015.77 करोड़ रुपये का निवेश होगा। साथ ही, 1,402 युवाओं को रोजगार मिलेगा ।
- कंपनियों के नाम - बैलराइज इंडस्ट्रज लि., स्वामी आशीर्वाद एंजिमेक प्रा. लि., एग्जीमियस ऑटोकॉम्स प्रा. लि. ।

### राजसमंद में माया हिल रिसॉर्ट एलएलपी की परियोजना के लिए 127.71 करोड़ रुपये स्वीकृत

- राजसमंद जिले की उप- तहसील देलवाड़ा में होटल एवं रिसॉर्ट 5 की स्थापना होगी।
- इससे 127.71 करोड़ रुपये का निवेश होगा।
- 293 व्यक्तियों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## राजस्थान समसामयिकी – 20 मार्च 2023

### पर्यटन विभाग विभाग को बेस्ट स्टेट प्रमोटिंग फेयर्स एंड फेस्टिवल तथा प्रमोटिंग फिल्म टूरिज्म अवार्ड

- राजस्थान के पर्यटन विभाग विभाग को **बेस्ट स्टेट प्रमोटिंग फेयर्स एंड फेस्टिवल तथा प्रमोटिंग फिल्म टूरिज्म अवार्ड से सम्मानित** किया गया है ।

### जोधपुर में भारत और सिंगापुर के बीच संयुक्त युद्धाभ्यास बोल्ड कुरुक्षेत्र का आयोजन

- **6 से 13 मार्च 2023 तक भारतीय सेना और सिंगापुर की सेना के बीच जोधपुर मिलिट्री स्टेशन में द्विपक्षीय अभ्यास 'बोल्ड कुरुक्षेत्र'का 13 वाँ संस्करण** संपन्न हुआ।

### बायोलॉजिकल पार्क बनाने की घोषणा

- **बीकानेर और अजमेर जिलों में बायोलॉजिकल पार्क बनाने की घोषणा** की गई है ।

BIGTEST.IN

**अन्य महत्वपूर्ण तथ्य -**

1. **सीकर में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण** किया जाएगा ।
2. **राजगढ़, चूरू तथा जेसलमेर में Indoor Halls का निर्माण** किया जाएगा ।
3. **अमृतलाल स्टेडियम चैनपुरा, जोधपुर को स्पोर्ट्स कंपलेक्स के रूप में विकसित** किया जाएगा ।
4. **डीडवाना, नागौर में कबड्डी अकादमी** शुरू की जाएगी ।
5. **जयपुर जंतुआलय को पक्षी विहार, बीकानेर जंतुआलय को पक्षी विहार व रेस्क्यू सेंटर** के रूप में विकसित किया जाएगा ।
6. **पक्षियों के संरक्षण और संवर्धन हेतु 50 पक्षी घर बनाए** जाएंगे ।
7. गोडवाड देसूरी - **पाली में लेपर्ड कंजर्वेशन रिजर्व विकसित** किया जाएगा ।

## राजस्थान समसामयिकी – 21 मार्च 2023

### राजीव गांधी नॉलेज सर्विस एंड इनोवेशन हब का शिलान्यास

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर में स्थापित होने वाले '**राजीव गांधी नॉलेज सर्विस एंड इनोवेशन हब**' का वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शिलान्यास किया।
- यह संस्थान **प्लग एंड प्ले मॉडल** पर आधारित होगा।
- नवाचार करने वाली महिलाओं के लिए **डब्ल्यू-हब के नाम से अलग संस्थान** उपलब्ध होगा।

### 'ई-गवर्नेंस राजस्थान अवार्ड'

- राज्य सरकार के अधिकारियों को प्रशासन में आईटी नवाचारों के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री ने **'ई-गवर्नेंस राजस्थान अवार्ड'** से सम्मान दिया ।
- निजी क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग में बेहतर कार्य करने वाले स्टार्ट-अप्स एवं उद्यमियों को **'राजीव गांधी इनोवेशन चैलेंज सम्मान'** प्रदान किया।
- विजेताओं को 6.1 करोड़ रुपये पुरस्कार राशि दी गई।

### जन आधार ई-वॉलेट लॉन्च

- मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा लाभार्थियों को दिए जा रहे नकद राशि तथा गैर-नकद राशि के वाउचर्स के भुगतान के लिए **जन आधार ई-वॉलेट लॉन्च** किया।

### मुख्यमंत्री आश्रित सेवा योजना

- श्री अशोक गहलोत ने इस '**मुख्यमंत्री आश्रित सेवा योजना**' का भी शुभारंभ किया।
- इस योजना के जरिये प्रदेश के दिव्यांग, वृद्ध, विधवा महिलाओं आदि आश्रित लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

BIGTEST.IN

## March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

### "कला पुरोधा पुरस्कार"

### प्रसिद्ध कलाकार नंदकिशोर पालीवाल को "कला पुरोधा पुरस्कार"

- राजस्थान संगीत नाटक अकादमी जोधपुर राजस्थान के **प्रसिद्ध रंगकर्मी वरिष्ठ निर्देशक, फिल्म कलाकार नंदकिशोर पालीवाल को "कला पुरोधा" पुरस्कार** से सम्मानित किया जाएगा।

### वरिष्ठ लेखक डॉ. देवदत्त शर्मा को कला पुरोधा पुरस्कार

- राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के प्रतिष्ठित और राजस्थान के **वरिष्ठ लेखक एवं सरिता के संपादक डॉक्टर देवदत्त शर्मा को "कला पुरोधा पुरस्कार"** से सम्मानित किया जाएगा ।
- यह पुरस्कार उन्हें 25 मार्च 2023 को जोधपुर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दिया जाएगा।

### आचार्य डॉ. प्रमोद को यूथ आइकॉन अवार्ड

- नागपुर में ऑल इंडिया होम्योपैथिक रिसर्च सम्मिट 2023 में **राजस्थान के आचार्य डॉ. प्रमोद कुमार को "यूथ आईकॉन अवॉर्ड" से सम्मानित** किया गया ।

### एमएसएमई उद्योगों की सुगम स्थापना के लिए विधेयक पारित

- राजस्थान विधान सभा में **20 मार्च को 'राजस्थान सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम (स्थापना और प्रवर्तन का सुकरीकरण) विधेयक, 2023' पारित** किया गया।

### राजस्थान समसामयिकी – 22 मार्च 2023

**आज के दिन -अंतरराष्ट्रीय जल दिवस**

- अंतरराष्ट्रीय जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है।

### राजस्थान रॉयल्स की नई जर्सी लांच

- मंगलवार **21 मार्च 2023 को टीम ने जयपुर के होटल जय महल पैलेस में अपनी नई जर्सी लांच** की।
- राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन है

### राजस्थान स्टेट पावर लिफ्टिंग कंपटीशन 2023

- राजस्थान **स्टेट पावर लिफ्टिंग कंपटीशन 2023 का आयोजन जोधपुर** में किया गया।
- स्टेट पावर लिफ्टिंग कंपटीशन में **जयपुर की सोनिया मंगवानी ने अंडर 69 बॉडी वेट कैटेगरी ओपन व सीनियर मास्टर कैटेगरी में गोल्ड मेडल और ओपन सीनियर केटेगरी में सिल्वर मेडल** जीता।
- सोनिया मंगवानी के पति महेंद्र मंगवानी ने मास्टर 1 अंडर 4 बॉडी वेट कैटेगरी में **गोल्ड मेडल** जीता।

### सपोर्ट टेक्नोलॉजी इन्नोवेशन का शिवम गॉड को प्रथम व कमल किशोर शंघाई को द्वितीय पुरस्कार

- जयपुर में चल रहे **राजस्थान आईटी डे हैकेथॉन** का मंगलवार को समापन हुआ।
- बिलाड़ा निवासी शिवम गॉड द्वारा बनाई गई आईओटी आधारित डिवाइस से ग्रामीण खिलाड़ी बिना कोच की सहायता से अपने खेल में सुधार ला सकते हैं।

BIGTEST.IN

## March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

- इसी आईओटी आधारित डिवाइस के लिए स्पोर्टेक्स इंडिया के फाउंडर तथा सीईओ शिवम गॉड को प्रथम प्राइज विजेता घोषित किया गया।
- शिक्षा मंत्री **बी ड़ी कल्ला ने शिवम गौड़ को 15 लाख रुपए** का चेक दिया।
- जयपुर के स्पोर्ट्स स्टार्टअप क्रबा ने सपोर्ट टेक्नोलॉजी इन्नोवेशन चैलेंज में **दूसरा स्थान** प्राप्त किया।
- स्पोर्ट्स के क्षेत्र में नवाचार लाने व आमजन के लिए सर्व सुलभ स्पोर्ट्स प्लेटफार्म प्रदान करने के लिए फाउंडर कमल किशोर शंघाई व उनकी टीम को ₹10 लाख का चेक दिया गया।

### 51 वी सीनियर महिला राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप

- वाराणसी में आयोजित 51 सीनियर महिला राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप में **राजस्थान की महिला हैंडबॉल टीम ने गोल्ड मेडल** जीता।
- राजस्थान की महिला हैंडबॉल खिलाड़ियों ने रचा इतिहास रेलवे को हराकर पहली राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीता है।
- राजस्थान महिला टीम के मुख्य कोच भारतीय हैंडबॉल टीम की कोच व राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की हैंडबॉल प्रशिक्षक मनीषा राठौड़ थी।

## राजस्थान समसामयिकी – 23 मार्च 2023

### उदयपुर में "मेवाड़ महोत्सव" का आयोजन

- **उदयपुर** जिले में **"मेवाड़ महोत्सव" का आयोजन 24 से 26 मार्च 2023** तक किया जाएगा।

### राइट टू हेल्थ विधेयक 2022

- **21 मार्च 2022 को राइट टू हेल्थ विधेयक 2022 पारित करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य** बना है ।
- कोई भी निजी अस्पताल अब इमरजेंसी में मरीजों का इलाज करने से इनकार नहीं कर सकेंगे।
- इलाज से मना करने पर पहली बार शिकायत पर 10 हजार रु. और इसके बाद 25 हजार रु. तक प्रावधान है।
- **राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण लॉजिस्टिक शिकायत का भी गठन** किया गया है।
- जिला प्राधिकरण का प्रावधान भी है। प्राधिकरण में ही शिकायतें सुनी जाएंगी।
- उल्लंघन के मामले में प्राधिकरण के फैसले को किसी सिविल कोर्ट में चुनोती नहीं दी जा सकेगी ।

### समाजसेवी लक्ष्मण सिंह "पद्मश्री अवार्ड" से सम्मानित

- **जयपुर** के दूदू निवासी **समाजसेवी लक्ष्मण सिंह लापोड़िया को "पद्मश्री अवार्ड"** से सम्मानित किया गया ।

### बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौट आई उदयपुर

- **कंगना रनौत** जन्मदिन मनाने के लिए **23 मार्च बुधवार को लेकसिटी उदयपुर** पहुंचेगी।
- वह नाथद्वारा श्रीनाथजी के दर्शन करने भी जाएगी।

BIGTEST.IN

# March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

## राज्य निर्यात पुरस्कार 2021

- कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण और जैविक खाद उत्पादों की श्रेणी के तहत राजस्थान सरकार की ओर से प्रतिष्ठित **"राज्य निर्यात पुरस्कार 2021"** प्रदान किए गए।
- मुकुट बिहारी और मुक्ता गोयल को राज्य निर्यात पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया।
- उन्हें यह पुरस्कार साइनियम भूसी उद्योग में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया।

## राजस्थान आईएलडी स्किल यूनिवर्सिटी

- राजस्थान बजट 2023-24 में **राजस्थान आईएलडी स्किल यूनिवर्सिटी का नाम विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी** किया जाना प्रस्तावित है ।
- कोटा, जोधपुर और उदयपुर में 10 करोड़ की लागत से प्लेनेटेरियम बनाए जाने की घोषणा की है।
- जनजाति क्षेत्र के युवाओं हेतु गोविंद गुरु जनजाति विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा में इक्यूवेशन एंड इनोवेशन सेंटर स्थापित करने की घोषणा की है।

## विश्वकर्मा कामगार कल्याण योजना

- विश्वकर्मा कामगार कल्याण योजना बजट 2023-24 घोषणा की गई।
- अल्प आय वर्ग की महिलाओं, कामगार, विभिन्न वंचित वर्ग, केश कला व माटी कला काटीगर व घुमंतू आदि को स्वरोजगार के लिए शुरू की जाएगी ।
- आवश्यक औजार खरीदने (जैसे सिलाई मशीन ) के लिए 5-5 हजार का अनुदान दिया जाएगा ।
- 30,000 हस्तशिल्पी व कारीगरों को उनके उत्पादों के विपणन हेतु 10-10 हजार की सहायता दी जाएगी ।

## मनरेगा में राजस्थान राज्य शीर्ष स्थान पर

- मनरेगा में एक करोड़ मानव दिवस सृजित कर देश में **राजस्थान राज्य शीर्ष स्थान** पर है ।
- नोट:- **राजस्थान देश में जीडीपी की विकास दर में दूसरे स्थान** पर है ।

## राजस्थान समसामयिकी – 24 मार्च 2023

## अनूपगढ़ - 'हरित बगिया'

- राजस्थान सरकार की फ्लैगशिप **'इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना'** के तहत **श्री गंगानगर के कलक्टर श्री सौरभ स्वामी नगर पालिका अनूपगढ़ में 'हरित बगिया' नवाचार** के माध्यम से शहर का रंग- रूप संवारने और महकाने की योजना बनाई है।
- इस योजना के तहत शहर के विद्यालयों के विद्यार्थियों को घरों से पुरानी प्लास्टिक बोतल (न्यूनतम दो लीटर) सहित अनुपयोगी प्लास्टिक की वस्तुएं मंगवाकर फूलों वाले छोटे पौधे लगाए जा रहे हैं।
- बोतल पर सुंदर रंग करने के बाद उनमें पौधे लगाकर शहर की दीवारें सजाई जाएंगी।

## राजस्थान साहित्य उत्सव 2023

- **राजस्थान साहित्य कुंभ 2023 का आयोजन 25 से 27 मार्च 2023 को जनाना बाग (उम्मेद उद्यान) जोधपुर** में किया जाएगा ।

BIGTEST.IN

# March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

## कला पुरोधा पुरस्कार

- राजस्थान संगीत नाटक अकादमी की ओर से **सीने कोरियोग्राफर और नृत्य गुरु प्रवीण कुमार को "कला पुरोधा पुरस्कार"** से सम्मानित किया जाएगा ।
- स्वाधीनता के **75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में राजस्थान के 75 वर्षीय कलाकारों की सूची** में उनका चयन किया गया है ।
- राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के द्वारा **वरिष्ठ गायिका नृत्य निर्देशिका और गीतकार ओम पवार को संगीत और कला जगत में महत्वपूर्ण योगदान के लिए कला पुरोधा पुरस्कार** से सम्मानित किया जाएगा ।
- कला पुरोधा पुरस्कार 25 मार्च 2023 को जोधपुर में आयोजित "राजस्थान साहित्य कुंभ 2003" समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दिया जाएगा ।

## राजस्थान में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी

- **चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी को राजस्थान भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष** बनाया गया है ।
- इससे पहले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष **सतीश पूनिया** थे ।

## डॉक्टर सविता बेन अंबेडकर योजना के तहत अंतर्जातीय विवाह राशि

- राज्य सरकार ने "डॉक्टर सविता बैन अंबेडकर योजना" के तहत **अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन राशि 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए** कर दी है ।
- डॉक्टर सविता बैन अंबेडकर योजना सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित है।
- विवाह उपरांत 10 लाख रुपए की राशि में से ₹5 लाख 8 वर्ष के लिए फिक्स डिपॉजिट (FD)कराए जाएंगे शेष ₹5 लाख वर वधु के संयुक्त बैंक खाते में जमा कराए जाएंगे।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी, **बजट 2023 - 24 में यह घोषणा** की गई थी।

## सुखद दांपत्य जीवन योजना के तहत सहायता राशि 50 हजार से बढ़ाकर 5 लाख

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने विशेष योग्यजनों के साथ विवाह को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार की **"सुखद दांपत्य जीवन योजना" के तहत सहायता राशि 50 हजार से बढ़ाकर 5 लाख** कर दी है ।
- योजना के तहत 80% या इससे अधिक दिव्यांगता वाले विशेष योग्यजन को जीवनसाथी बनाने पर आर्थिक सहायता के रूप में यह राशि प्रदान की जाएगी ।

## राजीव गांधी जल संचय योजना के द्वितीय चरण का शुभारंभ

- 22 मार्च 2023 को विश्व जल दिवस पर **राजीव गांधी जल संचय योजना (आरजीजेएसवाई/ RGJSY) के द्वितीय चरण का प्रारंभ** पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास **मंत्री रमेशचंद मीणा** ने किया ।
- 33 जिलों की 349 पंचायत समितियों में 26 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत
- इस योजना के दूसरे चरण की अवधि 2 वर्ष होगी ।
- इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला कलेक्टर नोडल अधिकारी रहेंगे ।

BIGTEST.IN

# March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

## राजस्थान का दुग्ध उत्पादन में स्थान

- **राजस्थान 15.5% उत्पादन करने के साथ देश में प्रथम स्थान पर है ।**
- वर्ष 2022 - 23 में प्रचलित मूल्यों पर पशुधन क्षेत्र का सकल मूल्यवर्धन 1.76 करोड़ अनुमानित है ।
- राजस्थान राज्य में पशुधन क्षेत्र से होने वाली आय में **दूध, अंडे और मांस का प्रमुख योगदान** है ।
- **दूध - 82.62%**
- **अंडे - 5.37%**
- **मांस – 0.68%**

## राजस्थान समसामयिकी – 25 मार्च 2023

## विद्यापीठ संस्थापकों के नाम पर सड़कों का नामकरण

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दिनांक **24 मार्च, 2023 को सड़क नामकरण वनस्थली विद्यापीठ में शुभारंभ** हुआ ।
- **जोबनेर- पंडित हीरालाल शास्त्री मार्ग** (कॉलेज रोड़ पर स्थित पंडित हीरालाल शास्त्री के निवास के सामने से श्रृंगार चौक तक जाने वाली सड़क)
- **जयपुर - पंडित हीरालाल शास्त्री मार्ग** (चान्दपोल दरवाजे के बाहर से रेलवे स्टेशन तक जाने वाली सड़क)
- **निवाई, टोंक - श्रीमती रत्ना शास्त्री मार्ग** - (टोंक रोड से खण्डाका अस्पताल एवं जयपुर अस्पताल होते हुए जवाहरलाल नेहरू मार्ग को जोड़ने वाली सड़क)

## योनेक्स सनराइज मास्टर्स वेटेरन बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023

- गोवा में योनेक्स सनराइज मास्टर्स वेटेरन बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 में **हिमानी पूनियां ने दोहरे खिताब जीते**।
- हिमानी ने 40 वर्ष महिला एकल के फाइनल में **छत्तीसगढ़ की मनीषा सिंह को हराकर गोल्ड मेडल** जीता ।
- वहीं 40 वर्ष महिला युगल में हिमानी **ने तमिलनाडु की नल्लई गांधीवती के साथ मिलकर सिल्वर मेडल** जीता।
- हिमानी ने दोहरे खिताब प्राप्त कर साउथ कोरिया में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाई है ।
- राजस्थान बैडमिंटन संघ के सचिव के. के. शर्मा

## राज्य स्तरीय पशुपालन पुरस्कार 2023

- राजस्थान के प्रगतिशील किसान सुरेन्द्र अवाना को कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में किए गए नवाचारों एवं किसानों को जागरूक करने के लिए **"राज्य स्तरीय पशुपालक पुरस्कार 2023"** से सम्मानित किया गया है।
- अवाना को यह सम्मान राज्य सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कृषि मंत्री लालचन्द कटारिया ने प्रमाण पत्र एवं पचास हजार रुपये राशि का चैक प्रदान किया।

BIGTEST.IN

# March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

## राजस्थान के 8 जिलों को टीबी नैशनल सर्टिफिकेशन ऑफर टीवी एलिमिनेशन अवार्ड-2022

- **राजस्थान के 8 जिलों को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में बेहतर कार्य के नैशनल सर्टिफिकेशन ऑफर टीवी एलिमिनेशन अवार्ड-2022 कैटेगरी में पुरस्कार** लिए मिले हैं।
- विश्व क्षय रोग दिवस पर वाराणसी में आयोजित वन वर्ल्ड टीबी समिट में मिशन निदेशक एनएचएम श्री सुधीर कुमार शर्मा ने यह पुरस्कार प्राप्त किए।
- राजस्थान के 4 जिलों **बारां, भीलवाड़ा, जालोर और जैसलमेर को रजत पदक** मिला है।
- राज्य के चार जिलों
- राज्य सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए किए प्रयासों से राजस्थान देश में **19 वें स्थान से चौथे स्थान** पर आ गया है।
- राजस्थान द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए **"टीबी हारेगा, राजस्थान जीतेगा"** अभियान की श्रंखला में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## राजस्थान समसामयिकी – 26 मार्च 2023

## राजस्थान साहित्य उत्सव में साहित्यकारों, संस्कृतिकर्मियों को पुरस्कार

- राजस्थान साहित्य उत्सव **(साहित्य कुंभ- 2023) का तीन दिवसीय भव्य आयोजन जोधपुर के उम्मेद उद्यान में 25 मार्च 2023 को शुभारंभ** किया गया।
- **कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने साहित्य कुंभ- 2023 का शुभारंभ किया।**
- समारोह में विभिन्न अकादमियों की ओर से उल्लेखनीय कृतित्व तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए 7 मनीषी विद्वानों, साहित्यकारों को विभिन्न पुरस्कार दिए गए।

## राजस्थान संस्कृत अकादमी द्वारा दिये गये पुरस्कार -

- **जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली के एसोसिएट प्रोफेसर श्री प्रमोद कुमार शर्मा को अखिल भारतीय माघ पुरस्कार**
- **आयुर्वेद एवं संस्कृत के प्रो. वैद्य श्री बनवारी लाल गौड़ को अम्बिकादत्त व्यास पुरस्कार ।**

## राजस्थान उर्दू अकादमी द्वारा दिये गये पुरस्कार -

- **डॉ. अशरद अब्दुल हमीद - प्रो. महमूद शिरानी अवॉर्ड और**
- **श्री आदिल रजा मन्सूरी - अख्तर शिरानी अवॉर्ड ।**

## पंडित जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी जयपुर

- **बाल साहित्यकार डॉ. दिविक रमेश एवं डॉ. प्रबोध कुमार गोविल तथा कलाधर्मी श्री चांद मोहम्मद घोसी को - बाल साहित्य मनीषी अवॉर्ड ।**

## राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा दिये गये पुरस्कार -

- **पद्मश्री चन्द्रप्रकाश देवल को - पं जनार्दन राय नागर पुरस्कार,**
- **श्री हबीब कैफी एवं श्री शिवराज छंगाणी को - विशिष्ट साहित्यकार सम्मान ।**

BIGTEST.IN

# March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

## महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार के **कार्मिकों एवं पेंशनर को महंगाई से राहत देने के लिए महंगाई भत्ते (डीए) में 4% की बढ़ोतरी** की है।
- राज्य कार्मिकों एवं पेंशनर को **1 जनवरी 2023 से 42 % महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत दर देय** होगी।
- इससे पहले 38 % महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत दर दी जा रही थी ।

## जयपुर सरस राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला

- **जयपुर के जवाहर कला केंद्र शिल्पग्राम में जयपुर सरस राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला 26 मार्च से 5 अप्रैल 2023** तक लगेगा।
- जयपुर सरस राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) द्वारा आयोजित एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित है।
- इस मेले में देश भर से आई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

**अन्य महत्वपूर्ण तथ्य**

- राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् **(राजीविका) की स्थापना वर्ष 2010** में राजस्थान सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1958 के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था के रूप में की गई थी।
- **आरजीएवीपी 27.10.2011 को सोसायटी के रूप में पंजीकृत**
- माननीय मुख्यमंत्री सोसाइटी के अध्यक्ष हैं।
- मुख्य सचिव, राजस्थान अधिकार प्राप्त समिति के अध्यक्ष हैं।
- राज्य मिशन निदेशक सोसायटी के सदस्य सचिव हैं।
- राज्य में सभी ग्रामीण आजीविका कार्यक्रम आरजीएवीपी के तत्वावधान में क्रियान्वित किए जाएंगे।
- ग्रामीण विकास विभाग से सम्बद्ध इस परिषद् का मुख्य उद्देश्य राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन व निर्धन परिवारों के आजीविका संवर्द्धन से संबंधित परियोजनाओं व कार्यक्रमों को सहज व प्रभावपूर्ण ढंग से क्रियान्वित करना है।
- **राज्य सरकार की हिस्सेदारी : 40%**
- **केंद्र सरकार की हिस्सेदारी : 60%**

## हॉकी इंडिया प्रथम वेस्ट जोन जूनियर प्रतियोगिता

- छत्तीसगढ़ में आयोजित **हॉकी इंडिया प्रथम वेस्ट जोन जूनियर 18 वर्ष प्रतियोगिता में राजस्थान महिला हॉकी टीम ने प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहकर ब्रोंज मेडल** जीता।
- **मैन ऑफ द मैच राजस्थान टीम की चंचल वर्मा** को दिया गया।
- **हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष अरुण कुमार सारस्वत** है।

## सीकर के शहीद दीपचंद वर्मा को गैलंट्री अवॉर्ड

- सीआरपीएफ की 179 वीं बटालियन में **शहीद हुए हवलदार दीपचंद वर्मा को मरणोपरांत गैलंट्री अवॉर्ड** दिया गया है।
- यह सम्मान उनके **वीरांगना सरोज देवी को छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ के 84 में ब्रेड जो कि 25 मार्च को हुई में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा** दिया गया।

BIGTEST.IN

# March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

## सुंदर कांति को सीक्रेट क्रिकेट पुरस्कार

- राधा निवास क्रिकेट क्लब की ओर से **प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ सीनियर और जूनियर महिला क्रिकेटर को यह अवार्ड** दिया गया।
- वर्ष 2023 के यह **अवार्ड सीनियर वर्ग में सुमन मीणा जूनियर वर्ग में सिद्धि शर्मा को** दिया जाएगा।
- **सब जूनियर वर्ग में पर्ल बाणावत** को दिया जाएगा, सब जूनियर वर्ग का पुरस्कार इसी वर्ष शुरू किया गया है।
- राजस्थान में महिला क्रिकेट को प्रोत्साहन देने के लिए यह पुरस्कार जयपुर के जोशी परिवार द्वारा शुरू किया गया है।

## सेपकटकरा की नेशनल चैंपियनशिप में हर्ष और अमन हुए चयनित

- सीनियर नेशनल सेपकटकरो प्रतियोगिता में **खिलाड़ी हर्ष महला और अमन चौधरी को चयनित** किया गया है ।
- **भारतीय सेपकटकरो टीम ने 2018 एशियन गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल** जीता था ।
- इसके बाद 2022 में कोरिया में खेले गए इंटरनेशनल सेपकटकरो फेडरेशन वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने **एक गोल्ड एक सिल्वर तथा दो ब्रॉन्ज मेडल जीते** थे ।

## राजस्थान समसामयिकी – 27 मार्च 2023

## क्लीन, ग्रीन और मिनी पिंक सिटी बना - सवाई माधोपुर

- **सवाई माधोपुर जिला प्रशासन द्वारा** शुरू किए गए नवाचार **'बदलेगा सवाई माधोपुर'** से शहर को **क्लीन, ग्रीन और मिनी पिंक सिटी** बना दिया है।
- सवाई माधोपुर के जिला कलक्टर श्री सुरेश कुमार ओला ने शहर को गुलाबी नगरी जयपुर की तर्ज पर एक रंग से पुतवाने, सफाई व्यवस्था सुधारकर पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनाने के लिए **'बदलेगा सवाई माधोपुर' अभियान की शुरूआत 12 फरवरी 2022** से की ।

## दुनिया के सभी देशों की राजधानियां बता जयपुर के रुद्रांश ने बनाया रिकॉर्ड

- **जयपुर के 6 वर्षीय के रुद्रांश गर्ग ने दुनिया के सभी 195 देशों की राजधानियों के नाम सफलतापूर्वक बता कर सबसे कम उम्र का रिकॉर्ड बना** लिया है।
- यह रिकॉर्ड वर्ल्डज ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड्स संस्था में दर्ज कराए गए हैं यह अंतरराष्ट्रीय संस्था है जो प्रमाणीकरण के साथ दुनिया के एहसान रिकॉर्ड्स को सूचीबद्ध और सत्यापित करता है।

## जूनियर बालिका राष्ट्रीय हैंडबॉल में राजस्थान ने जीता कांस्य पदक

- बरेली उत्तर प्रदेश में खेली जा रही **45 में जूनियर बालिका राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान की बालिका खिलाड़ियों ने कांस्य पदक** जीता ।
- राजस्थान व उत्तरप्रदेश संयुक्त रूप से **तीसरे स्थान** पर रहे।

## राजस्थान सीनियर वुशू टीम ने जीते 26 पदक

- भारतीय वुशू संघ की ओर से जलंधर पंजाब में आयोजित 6 ठवीं फेडरेशन कप **वुशू प्रतियोगिता में राजस्थान सीनियर वुशू टीम ने कुल 26 पदक** जीते।

BIGTEST.IN

- **राजस्थान सीनियर वुशू टीम ने 6 स्वर्ण 9 रजत और 11 कांस्य पदक जीते और ओवरऑल टीम चैंपियनशिप का खिताब जीता** है।
- राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया है।

## रति सक्सेना मीरा पुरस्कार- 2022-23 से सम्मानित

- राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर के **मीरा पुरस्कार- 2022-23 जयपुर की रति सक्सेना को कविता पुस्तक हंसी एक प्रार्थना** के लिए दिया ।
- **राजस्थान साहित्य अकादमी की मासिक पत्रिका - मधुमति**
- **वर्तमान अध्यक्ष - डॉक्टर दुलाराम सहारण**
- **राजस्थान साहित्य अकादमी की स्थापना - 1958**

## राजस्थान के प्रतिष्ठित और उत्कृष्ट 75 कलाकार सम्मानित

- राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के तत्वाधान में डॉक्टर एसएन मेडिकल कॉलेज में आयोजित अवार्ड में पुरस्कार वितरण समारोह में **शिक्षा मंत्री डॉक्टर बी डी कल्ला और मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री रमेश बोराणा ने प्रदेश के प्रतिष्ठित और उत्कृष्ट 75 कलाकारों को सम्मानित** किया ।
- इस दौरान **1 फेलोशिप 12 अवार्ड 6 युवा और 5 बाल पुरस्कार के साथ 51 कलाकारों को कला पुरोधा सम्मान से सम्मानित** किया गया ।

## सिलिकोसिस विंग की स्थापना

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत में **सिलिकोसिस रोगियों के बेहतर उपचार के लिए सिलिकोसिस विंग प्रस्ताव को मंजूरी** दी है ।
- इस प्रस्ताव के अनुसार **जोधपुर के के. एन. चेस्ट चिकित्सालय और अजमेर के जवाहर कला नेहरू चिकित्सालय में सिलिकोसिस विंग की स्थापना** होगी ।
- इसमें 27 करोड़ रूपए की लागत आएगी ।
- इसकी स्थापना से रोग की समय पर पहचान हो पाएगी और उपचार मिल सकेगा ।

## राजस्थान समसामयिकी – 28 मार्च 2023

## 26 मार्च को राजस्थान में सबसे अधिक 16,742 जल कनेक्शन

- **26 मार्च को राजस्थान में एक दिन के अभी तक के सबसे अधिक 16,742 जल कनेक्शन किए गए।**
- इस वर्ष में अभी तक 13.11 लाख कनेक्शन किए जा चुके हैं।
- जनवरी माह से मार्च तक के **प्रतिदिन जल कनेक्शन में राजस्थान देश के टॉप 5 राज्यों** में आ गया है।
- **कुल जल कनेक्शन के आधार पर राजस्थान देश में 12 वें स्थान पर है।**
- जल जीवन मिशन के तहत व्यय करने में राजस्थान का देश में चौथा स्थान पर है।

## G-20 शेरपा शिखर सम्मेलन

- भारत की G20 की अध्यक्षता के तहत, **मार्च 2023 G20 सस्टेनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप** की बैठक उदयपुर में आयोजित की गयी।
- **उदयपुर** में G-20 अध्यक्षता की पहली शेरपा बैठक दिसम्बर 2022 में आयोजित की गई थी ।

BIGTEST.IN

## March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

- G-20 शिखर सम्मेलन की **दूसरी बैठक 2 से 4 फरवरी 2023 को जोधपुर** में हुई ।

### राजकीय महाविद्यालय, नगर का नामकरण 'शहीद जीत राम' के नाम पर

- राज्य सरकार ने राजकीय महाविद्यालय, नगर (भरतपुर) का नामकरण 'शहीद जीत राम राजकीय महाविद्यालय, नगर (भरतपुर) ' कर दिया है।

### 2021-22 के उद्योग रत्न पुरस्कारों की घोषणा

- उद्योग विभाग में वर्ष 2021-22 के लिए राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कारों की घोषणा कर दी है ।
- एम एस एम ई हस्तशिल्प और बुनकरों को प्रोत्साहन के लिए दिए जाने वाले **यह पुरस्कार 3 महिला सहित 7 उद्यमियों को मिलेंगे ।**
- राजस्थान उद्योग मंत्री शकुंतला रावत है ।

### टर्नओवर में वृद्धि के लिए उद्योग रत्न पुरस्कार

- सूक्ष्म उद्यम श्रेणी में - जयपुर के साक्ष्य डिजाइन इन कारपोरेशन |
- लघु उद्यम श्रेणी में - लुणावत जेम्स |
- मध्यम उद्यम श्रेणी में - जोधपुर की स्पॉन्सर सिकल लिमिटेड |
- उत्कृष्ट व्यवसायिक व्यवहार के लिए - लघु उद्यम श्रेणी में जगन्नाथ पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड |
- उत्कृष्ट व्यवसायिक व्यवहार के लिए - मध्यम श्रेणी में इस्कॉन सर्जिकल लिमिटेड जोधपुर को पुरस्कार दिया जाएगा ।

### उत्कृष्ट महिला उद्यमी उद्योग रत्न पुरस्कार 2021-22

- भरतपुर की मैं. वन पैक इंडिया की - **सजल बंसल**।
- जयपुर की पूजा इंडस्ट्रीज की - **निर्मला अशोक शाह** को-

### श्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार 2021-22

- कोटा जिले के कैथून के अब्बास अली को।

### हस्तशिल्प रत्न पुरस्कार 2021-22

- जयपुर के गोपाल प्रसाद शर्मा को ।

### राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार योजना ।। राजस्थान उद्योग रत्न अवार्ड

- उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा राज्य के औद्योगिक विकास एवं आर्थिक उत्थान में सहयोग करने व कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमियों, हस्तशिल्पियों एवम् बुनकरों को प्रोत्साहन देने के लिए राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार योजना वित्तीय वर्ष 2016-17 से लागू हुई है।
- कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए उद्योग रतन पुरस्कार के तहत उद्यमियों, बुनकरों व हस्तशिल्पियों को पृथक-पृथक **एक लाख रू. नकद पुरस्कार,शॉल व प्रशस्ति** पत्र दिया जाता है।

### हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ग्रीनको सर्टिफाइड खदानें

- हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (HZL) की रामपुरा आगुचा माईस और जावर ग्रुप ऑफ माइंस पहली ग्रीनको सर्टिफाइड खदानें बन गई हैं।
- उन्हें अपने स्थायी खनन कार्यों के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) से ग्रीन को सिल्वर रेटिंग प्राप्त हुई।

### राजीव कश्यप को मिला बेस्ट आंत्रप्रेन्योर अवार्ड

BIGTEST.IN

## March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

- युवा उद्यमी राजीव कश्यप को बेस्ट आंत्रप्रेन्योर अवार्ड से सम्मानित किया गया ।
- यह अवार्ड दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सलाहकार रमणाचार्य, राजस्थान विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा, एबी बीएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद कुलकर्णी ने दिया ।

### बीकानेर में राष्ट्रीय खादी व ग्रामोद्योग सम्मेलन

- राज्य के शांति और अहिंसा विभाग का दो दिवसीय राष्ट्रीय का राष्ट्रीय खादी व ग्रामोद्योग सम्मेलन **26-27 मार्च 2023 को बीकानेर जिले** में हुआ ।
- सम्मेलन में देशभर के विभिन्न क्षेत्रों के 152 खादी संस्थाओं के प्रतिनिधि भागीदारी निभा रहे हैं इसमें उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल तमिलनाडु और महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों के प्रतिनिधि शामिल है ।

## राजस्थान समसामयिकी – 29 मार्च 2023

### सौर ऊर्जा चलित राजस्थान की पहली सेनिटरी पैड यूनिट

- **डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा ब्लॉक में सौर ऊर्जा से संचालित राजस्थान की पहली सेनिटरी नैपकिन बनाने की मशीन का उद्घाटन 16 मार्च 2023** को हुआ।
- यह संयंत्र राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा स्थापित किया गया है।
- राजीविका के जिला परियोजना प्रबंधक श्री हितेश कुमार चौबीसा के अनुसार, सौर ऊर्जा से संचालित सेनिटरी पैड मेकिंग मशीन से एक मिनट में 50-60 पैड बनाए जा सकते हैं।

### महिलाओं द्वारा संचालित प्रथम पोल्ट्री हैचरी

- **डूंगरपुर** जिले में राजीविका के सहयोग से **राजस्थान की पहली महिलाओं द्वारा संचालित पोल्ट्री हैचरी स्थापित** की गई है।

### राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान को तीसरा स्थान

- स्कॉच स्टेट ऑफ गवर्नेंस रिपोर्ट-2022 के अनुसार **राजस्थान राष्ट्रीय स्तर पर 15 वें पायदान से तीसरे स्थान** पर पहुंच गया है।
- राज्य ने विभिन्न श्रेणियों में **कुल 20 पुरस्कार जीते हैं, जिनमें से 8 गोल्ड एवं 12 सिल्वर** हैं ।
- राजस्थान की **कुल 78 परियोजनाओं को स्कॉच ने ऑर्डर ऑफमेरिट के लिए पात्र माना** है ।
- रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं सामाजिक सुरक्षा और आवास आदि श्रेणियों में राजस्थान देश में शीर्ष स्थान पर है।

### दुग्ध और ऊन उत्पादन में राजस्थान ने रचा इतिहास

- भारत सरकार के पशुपालन विभाग की ओर से जारी वार्षिक रिपोर्ट 'बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी 2022' के अनुसार, **देश में कुल दूध का 15.05 % उत्पादन राजस्थान** में हो रहा है।
- इसी प्रकार, **देश में कुल ऊन के 45.91 % उत्पादन के साथ राजस्थान प्रथम स्थान** पर है।

**प्रमुख दुग्ध उत्पादक राज्य**

1. राजस्थान - 15.05%
2. उत्तर प्रदेश - 14.93%

BIGTEST.IN

3. मध्य प्रदेश - 8.06%
4. गुजरात - 7.56%
5. आंध्र प्रदेश - 6.97%

**प्रमुख ऊन उत्पादक राज्य**

1. राजस्थान - 45.91%
2. जम्मू-कश्मीर - 23.19%
3. गुजरात - 6.12%
4. महाराष्ट्र - 4.78%
5. हिमाचल प्रदेश - 4.33%

## बांसवाड़ा में - 45 वां जूनियर बालक राष्ट्रीय हैंडबाल टूनमिंट

- हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वाधान में राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ व **बांसवाड़ा जिला हैंडबॉल संघ द्वारा बांसवाड़ा के जिला स्टेडियम में 27 से 31 मार्च तक 45 वा जूनियर बालक राष्ट्रीय हैंडबाल टूनमिंट** होगा।
- राजस्थान राज्य में 21 वर्ष बाद जूनियर बालक राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं।
- इससे पहले 2002 में भीलवाड़ा में इसका आयोजन किया गया था।

## डॉ प्रीति को चिल्ड्रन चैंपियन अवार्ड

- जोधपुर के सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी एवं पुनर्वास मनोवैज्ञानिक **डॉक्टर कृति भारती को बाल विवाह निरस्त की अनूठी वैश्विक मुहिम के लिए पहले चिल्ड्रंस चैंपियन अवार्ड 2023** से नवाजा गया।
- यह वार्ड दिल्ली सरकार के दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने नई दिल्ली में दिए।
- राजस्थान से एकमात्र एक्टिविस्ट डॉक्टर भारती को सम्मानित किया गया है।

## राजस्थान समसामयिकी – 30 मार्च 2023

## 74 वां राजस्थान स्थापना दिवस

- **राजस्थान स्थापना दिवस 30 मार्च को मनाया जाता है ।**
- **जबकि राजस्थान दिवस 1 नवंबर को मनाया जाता है।**
- राजस्थान एकीकरण के समय चतुर्थ चरण वृहद राजस्थान में जयपुर को राजस्थान की राजधानी 30 मार्च 1949 को बनाया गया।
- तब से ही 30 मार्च को राजस्थान स्थापना दिवस मनाया जाता है।
- 30 मार्च 2023 को राजस्थान अपना 74 वां स्थापना दिवस मना रहा है।

**अन्य महत्वपूर्ण तथ्य**

- जयपुर की नीवं पंडित जगन्नाथ के वास्तु शास्त्र के आधार पर रखी गई |
- आधुनिक जयपुर का निर्माता - मिर्ज़ा इस्माइल
- जयपुर को ढूंढाड़, जयगढ़, रामगढ़ नामक प्राचीन नामों से जाना जाता था।
- सी. वी. रमन ने जयपुर को कहा - आइलैंड ऑफ ग्लोरी

BIGTEST.IN

# March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

## स्कॉच स्टेट आफ गवर्नेस - 2022 रिपोर्ट

- **आवासन मंडल दूसरे साल भी हाउसिंग में पहले स्थान पर रहा ।**
- राजस्थान राष्ट्रीय स्तर पर **15 वें पायदान से आगे बढ़कर तीसरे स्थान** पर पहुंच गया है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार राज्य ने कुल 20 पुरस्कार जीते हैं, जिनमें से 8 गोल्ड एवं 12 सिल्वर कैटेगरी में हैं।
- स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं सामाजिक सुरक्षा और आवास श्रेणियों में राजस्थान देश में शीर्ष स्थान पर है।
- ई-गवर्नेंस और जल के क्षेत्र में सर्वाधिक सुधार हुआ है। जबकि, परिवहन श्रेणी में प्रदेश का प्रदर्शन निरन्तर अच्छा रहा है।

## सीकर में महाराव शेखाजी सशस्त्र बल अकादमी

- प्रदेश के युवाओं को सेना में भर्ती की तैयारी के लिए आवासीय सुविधा सुलभ कराने के लिए **सीकर में महाराव शेखाजी सशस्त्र बल अकादमी की स्थापना** की जाएगी।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट 2023-24 में सभी संभागों में महाराव शेखाजी आर्मड फोर्सेज ट्रेनिंग एकेडमी, सीकर और सर्विस प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट, औरंगाबाद की तर्ज पर ऐसे डिफेंस सर्विसेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट की स्थापना की घोषणा की थी।
- नोट - **17 मार्च 2023 को मुख्यमंत्री ने सीकर को संभाग बनाने की घोषणा की थी तथा सीकर से ही नीमकाथाना को अलग कर कर 17 मार्च 2023 को जिला बनाने की घोषणा** की गई।

## प्रतापगढ़ में 'पीपलखूंट हाइलेवल कैनाल' के लिए 2,000 करोड़ रुपये स्वीकृत

- **प्रतापगढ़ जिले में 'पीपलखूंट हाइलेवल कैनाल' बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने 2,000 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति** प्रदान की है।
- राजस्थान के दूर-दराज क्षेत्रों में किसानों को खेती के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीपलखूंट हाइलेवल कैनाल बनाया जाएगा।
- पीपलखूंट हाइलेवल कैनाल से **5,000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध** हो सकेगी ।
- 'पीपलखूंट हाइलेवल कैनाल' में माही नदी बेसिन के अधिशेष जल उपयोग होगा।

## दौसा में 'इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह'

- दौसा जिले के सिकराय में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती ममता भूपेश की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में महिला एवं बालिका सशक्तीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए तीन संस्थाओं का सम्मान किया गया।

**सम्मानित संस्थाएं**

- रौनक राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड, सिकराय
- दिशा राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड, भाण्डारेज
- फाउण्डेशन टू एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली, दौसा

## जयपुर में बाल विवाह रोकथाम अभियान

- **जयपुर** जिला कलक्टर के निर्देशानुसार **बाल विवाह के रोकथाम के लिए जिले में 1 अप्रैल से 30 जून तक विशेष अभियान** चलाया जाएगा।

BIGTEST.IN

## March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

- बाल विवाह रोकने के लिए ग्राम स्तर पर 6 सदस्यीय की टीमों का गठन किया।
- जिला कलक्टर ने इस संबंध में **'बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006'** के तहत बाल विवाह रोकने के लिए निरोधात्मक एवं दण्डात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।
- जयपुर **जिला कलक्टर श्री प्रकाश राजपुरोहित** है।
- राजस्थान में **22 अप्रैल 2023 को अक्षय तृतीया या आखा तीज** मनाई जाएगी।
- राजस्थान में **सबसे ज्यादा बाल विवाह है अक्षय तृतीया अखा तीज** को होते हैं।

### अनिल अग्रवाल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम

- **चौंप, जयपुर में बन रहे स्टेडियम का नाम अनिल अग्रवाल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम जयपुर होगा।**
- इस स्टेडियम को तैयार करने के लिए **वेदांता की हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड 300 करोड़ रुपए** देगा ।
- इसके लिए **30 मार्च 2023 को आरसीए और वेदांता की हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के बीच एमओयू** होगा ।
- यह स्टेडियम दर्शक क्षमता में **दुनिया का तीसरा और देश का दूसरा सबसे बड़ा स्टेडियम** होगा ।

### राव बीकाजी के पैनोरमा का निर्माण

- **बीकानेर शहर की स्थापना करने वाले राव बीकाजी का पैनोरमा 3 एकड़** में बनेगा ।
- बीकानेर के संस्थापक और पहले महाराजा राव बीकाजी का पैनोरमा बनेगा, जो ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा ।
- राव **बीकाजी ने 1448 ईस्वी में बीकानेर नगर की स्थापना कर उसे अपनी राजधानी** बनाया था।
- राव **बीकाजी का जन्म 5 अगस्त 1438 ईसवी को जोधपुर** में हुआ था ।
- **बीकाजी की पिता का नाम राव जोधा और माता रानी नौरंगदेसर थी ।**
- **यह पैनोरमा बीकानेर में दूसरा पैनोरमा होगा, इससे पहले देशनोक में करणी माता का पैनोरमा बनाया गया था ।**

## राजस्थान समसामयिकी – 31 मार्च 2023

### राजस्थान के 33 जिलों में खोले जाएंगे खेलो इंडिया सेंटर

- राजस्थान के 33 जिलों में खेलो इंडिया के सेंटर खोले जाएंगे ।
- इसके लिए भारतीय खेल प्राधिकरण और राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के बीच एमओयू हुआ है।
- राजस्थान के प्रत्येक सेंटर को 5 - 5 लाख रुपए देने का प्रावधान किया गया है ।

**किस जिले में मिलेगी कौनसे खेल की सुविधा**

1. अजमेर - बास्केटबॉल,
2. चूरू - वॉलीबॉल
3. हनुमानगढ़ - एथलेटिक्स,
4. प्रतापगढ़ - आर्चरी,
5. बीकानेर - साइक्लिंग,
6. जयपुर - वुशू,
7. उदयपुर - जूडो,

BIGTEST.IN

8. कोटा - बॉक्सिंग,
9. झुंझुनू - एथलेटिक्स,
10. जोधपुर - फुटबॉल
11. झालावाड़ - सॉफ्टबॉल,
12. बांसवाड़ा - आर्चरी,
13. चितौड़गढ़ - बॉस्केटबॉल,
14. सवाईमाधोपुर - फुटबॉल,
15. जालोर - बॉस्केटबॉल,
16. बूंदी - वॉलीबॉल,
17. श्रीगंगानगर - एथलेटिक्स,
18. सिरोही - हॉकी,
19. भरतपुर - सॉफ्टबॉल,
20. बांरा - हॉकी,
21. भीलवाड़ा - कुश्ती,
22. डूंगरपुर - आर्चरी,
23. बाड़मेर - बॉस्केटबॉल,
24. पाली - बैडमिंटन,
25. करौली - कबड्डी,
26. नागौर - सॉफ्टबॉल,
27. अलवर - एथलेटिक्स,
28. राजसमंद - बॉस्केटबॉल,
29. दौसा - एथलेटिक्स,
30. धौलपुर - बैडमिंटन,
31. सीकर - बॉस्केटबॉल
32. टोंक - कुश्ती

- उपरोक्त खेलों के लिए खेलो इंडिया का सेंटर स्थापित किया जाएगा।

## चंबल रिवर फ्रंट पर लगने वाले घंटे के नाम पांच वर्ल्ड रिकॉर्ड

- चंबल रिवर फ्रंट पर बन रहे **दुनिया के सबसे बड़े घंटे ने 5 वर्ल्ड रिकॉर्ड बना** लिए हैं।
- कोटा में पहली बार 5 वर्ल्ड रिकॉर्ड एक साथ बने हैं।

1. विश्व की पहली जोइंटलेस चैन (इन एज कास्ट कंडीशन),
2. विश्व का सबसे बड़ा 3-डी फाइबर प्रोडक्ट,
3. विश्व का सबसे ऊंच जर्मन हेंगर (फेब्रिक कोटेड),
4. 35 आयल फायर्ड वर्किंग फर्नेस अंडर वन रूफ ऑफ 2200 किलो
5. विश्व का सबसे बड़ा ग्रीन सिलिका सेंड मोल्ड (बाय डाई प्रोसेज ऑफ 2200 मीट्रिक टन)

- **ये 5 बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गए हैं।**

BIGTEST.IN

Bigtest.in
Rajasthan Gk | Hindi |Online Test | Psychology

# March Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

## डूंगरपुर ने बनाया सबसे लंबी रंगोली गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड

- वाटर कलर बेस्ट पेंटिंग के जरिए **सबसे लंबी सजावटी रंगोली बनाकर डूंगरपुर शहर ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम** शामिल किया है ।
- डूंगरपुर जिले में शोभायात्रा मार्ग पर **करीब 3 किलोमीटर लंबी रंगोली तैयार** की गई ।

## चूरू - तारानगर में कृषि कॉलेज के लिए प्रशासनिक स्वीकृति

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राज्य बजट **वर्ष 2023- 24 में चूरू जिले के तारानगर में कृषि महाविद्यालय खोलने की घोषणा** की थी ।
- अब इस महाविद्यालय के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है।
- कृषि महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए भी **8.8 करोड़ रुपये की मंजूरी** मिली है।

## डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी को "मुरलीधर व्यास राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार"

- जिला कलेक्टर तथा राजस्थानी व हिंदी के चर्चित साहित्यकार **डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी को उनकी कथाकृति 'भरखमा' के** लिए राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी बीकानेर की ओर से वर्ष 2022- 23 का **"मुरलीधर व्यास राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार"** दिया जाएगा।
- इसकी घोषणा 29 मार्च 2023 को अकादमी अध्यक्ष शिवराज छंगाणी ने की।
- इस पुरस्कार के **लिए राशि रू. 51000 निर्धारित** है।
- राजस्थानी भाषा की पिछले 3 वर्षों के मध्य प्रकाशित कहानी/ उपन्यास की पुस्तकों के लिए अकादमी द्वारा गठित समिति की अभिशंसा के आधार पर प्रदान किया जाता है।

**Other Topic Important Links**

Rajasthan Daily Current Affairs

Rajasthan Latest Job Alert

Science More Important Topics you can click here

Hindi More Important Topics you can read here

Rajasthan GK More Important Topics click here

Psychology More Important Topics you can read here

Follow us on Facebook

BIGTEST.IN